दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्षः 3 | अंकः 08 | जयपुर, रविवार, 17 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### अभिमन्यु पूनिया बने युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



**जयपुर।** कांग्रेस ने नव निर्वाचित विधायक अभिमन्यु पूनिया को युवा कांग्रेस का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही सुधींद्र मूंड एवं यशवीर शूरा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। पूनिया इस बार संगरिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं। एक वर्ष पूर्व युवा कांग्रेस के चुनाव हुए थे, लेकिन परिणाम जारी नहीं किए गए थे। चुनाव में पूनिया को सर्वाधिक मत मिले थे।

### हनुमान बेनीवाल का सांसद पद से इस्तीफा



**जयपुर।** हनुमान बेनीवाल ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। बेनीवाल ने अपना इस्तीफा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा। हनुमान बेनीवाल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हैं। वे राजस्थान के नागौर जिले से सांसद हैं। बेनीवाल नागौर से सांसद के साथ हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में खींवसर से विधायक चुने गए है। उल्लेखनीय है कि हनुमान बेनीवाल मूलतः नागौर निवासी है। वे राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। छात्र राजनीति से निकलने के बाद उन्होंने भाजपा का दामन थामा। साल 2008 में वे भाजपा के टिकट पर खींवसर से पहली बार विधायक बने। किन्हीं कारणों से बेनीवाल ने भाजपा छोड़ अपनी पार्टी बना ली।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रदेश मौसम:** माउंट आबू के बाद फतेहपुर और हनुमानगढ़ रहा प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका

# साल के अंत में फिर बदलेगा मौसम, तीखे होंगे सर्दी के तेवर

**बेधड़क।** जयपुर



प्रदेश में आगामी दिनों में सर्दी अपने पूरे रंग में होगी। माउंट आबू में लगातार गिरते पारे ने कड़ाके की ठंड का अहसास करा दिया, वहीं सीकर का फतेहपुर और हनुमानगढ़ सबसे ठंडा रहा।

फतेहपुर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 5.9, जबकि हनुमानगढ़ में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इधर, मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए कड़ाके की ठंड और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस राजस्थान में एक्टिव होगा, जिससे उत्तर-पश्चिम राजस्थान में मौसम बदल सकता है। इस सिस्टम के बाद क्रिसमस के मौके पर 26-27 दिसंबर से प्रदेश राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ने की उम्मीद है। उधर, प्रदेश के एक मात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में शनिवार को न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दो दिन पहले यहां तापमान शून्य पर था, जिसके कारण यहां की वादियों में हल्की बर्फ की परत जमी हुई थी।

### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 25.8 | 11.9 |
| भीलवाड़ा | 26.2 | 10.4 |
| अलवर | 25 | 7.5 |
| जयपुर | 25 | 11 |
| पिलानी | 25.9 | 8.5 |
| सीकर | 25.5 | 8.5 |
| कोटा | 25.4 | 12.1 |
| चित्तौड़गढ़ | 24 | 10.1 |
| उदयपुर | 25.8 | 11.4 |
| धौलपुर | 25.1 | 9.8 |
| बारां | 25.7 | 9.2 |
| डूंगरपुर | 27.1 | 14.4 |
| सिरोही | 21.6 | 8.4 |

### पारे में रहेगा उतार चढ़ाव का दौर

प्रदेश के विभिन्न शहरों में शनिवार को न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस तक का उतार-चढ़ाव देखा गया। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, जोधपुर में न्यूनतम तापमान 10.6, जबकि बीकानेर, पाली में 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे कम सर्दी डूंगरपुर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार 23-24 दिसंबर को एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान में एक्टिव हो सकता है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान में मौसम बदलेगा और कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। हालांकि इस सिस्टम के असर से कहां-कहां बारिश होगी, ये अगले 2-3 दिन बाद ही क्लियर हो पाएगा। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के जाने के बाद राजस्थान में तापमान गिरेगा और सर्दी तेज होने की उम्मीद है।

**शपथ के दूसरे ही दिन CMO में प्रशासनिक फेरबदल**

# पुरानी सरकार के अफसरों को विदाई, नए को मौका

## आरएएस योगेश श्रीवास्तव सीएम के ओएसडी

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार सीएम की शपथ लेने के तुरंत बाद से ही एक्टिव मोड पर आ गई है। शनिवार को सीएम की मंशा अनुरूप कार्मिक विभाग ने एक आदेश जारी कर आरएएस योगेश कुमार श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का विशेषाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं कार्मिक विभाग ने चार आईएएस अधिकारियों को आगामी आदेशों तक पदस्थापन प्रतीक्षा में रखा जाने के आदेश जारी किए हैं।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत प्रशासनिक फेरबदल होना नई सरकार की रणनीति है। ब्यूरोक्रेट्स में बड़ा बदलाव लाकर सरकार पिछली सरकार के प्रशासनिक ढांचे को परिवर्तित करना चाह रही है। जो अधिकारी सरकार की नजर में सक्रिय व काबिल हैं, सरकार उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहती है। दूसरी ओर अपनी पसंद के अफसरों को लाकर मौजूदा सरकार अपनी भावी योजनाओं के क्रियान्यवन पर बेहतर काम करना चाहती है। कांग्रेस सरकार में जो अधिकारी मुख्य पदों पर रहे, अब बीजेपी सरकार इसमे अन्य अधिकारी लाकर नए सिरे से प्रशासनिक ढांचा तैयार करना चाह रही है।

### गहलोत सरकार में प्रमुख पदों पर रहे अफसर एपीओ

कार्मिक विभाग ने गहलोत सरकार में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव रहे कुलदीप रांका, सचिव गौरव गोयल, सचिव आरती डोगरा, विशिष्ट सचिव राजन विशाल को आगामी आदेशों तक एपीओ कर दिया। गौरतलब है कि शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव, सूचना प्रौद्योगकी एवं संचार विभाग की शासन सचिव आनंदी और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. सौम्या झा को मुख्यमंत्री का संयुक्त सचिव लगाया गया है। इन तीनों की नियुक्ति फिलहाल अस्थाई तौर पर की गई है।

### बड़े फेरबदल के मूड में सरकार

प्रशासनिक फेरबदल की यह प्रक्रिया सरकार आगे भी जारी रखेगी। क्योंकि अभी मंत्रिमंडल का विस्तार होना बाकी है। कई बड़े विभागों में सरकार अपनी पसंद के अधिकारियों की नियुक्ति करेगी। सरकार के मुख्य विभागों में भी सरकार बड़े फेरबदल के मूड में है। सूत्रों के अनुसार अभी सरकार के कई महत्वपूर्ण विभागों के अफसरों को बदलने की प्रक्रिया जारी रखेगी।

### मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही कई अधिकारी होंगे इधर-उधर

यह भी तय माना जा रहा है कि प्रदेश के नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही दर्जनों अफसर इधर-उधर होंगे। अफसर भी इसके लिए मानसिक रूप से तैयार लगते हैं। माना जाता है कि नई सरकार 'की' पोस्टों पर अपने अनुकूल अधिकारी लगती है। यह प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा भी माना जा सकता है।

### राज्यपाल मिश्र से मिले मुख्यमंत्री शर्मा



प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल मिश्र ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई कि उनके कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा।

### सीएम शर्मा आज दिल्ली जाएंगे

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को दिल्ली जाएंगे। पहले उनका भरतपुर एवं गोवर्धन जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन उसे स्थगित कर अब वे दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेताओं से मुलाकात करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इन मुलाकातों में मुख्यमंत्री प्रदेश के नए मंत्रिमंडल गठन की चर्चा करेंगे।

### पुलिस महानिदेशक ने की सीएम से मुलाकात

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस मुलाकात के बाद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी नीना सिंह ने भी सीएम से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को इस वजह से अहम माना जा रहा है कि प्रदेश में मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक पद पर बदलाव की चर्चाएं जोरों पर है। हालांकि इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि मुख्य सचिव उषा शर्मा के 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद नए मुख्य सचिव की घोषणा की जाएगी। भाजपा ने महिला अत्याचार एवं कानून व्यवस्था के मुद्दे पर गहलोत सरकार को जमकर घेरा था, इसलिए इसके साथ ही पुलिस महानिदेशक पद पर भी बदलाव किया जा सकता है।

**भजन सरकार का पहला एक्शन**


# पेपर लीक केस में SIT तो बदमाशों के खिलाफ 'एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स'

## एडीजे वीके सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का किया गठन

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में सीएम भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार रोकने की कवायद में शनिवार को एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी के गठन को लेकर डीजीपी उमेश मिश्रा की ओर से आदेश जारी किया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वीके सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है। सरकार की ओर से गठित एसआईटी टीम में 50 लोगों की टीम कार्य करेगी। इसमें 1 अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, 1 महानिरीक्षक पुलिस/ उपमहानिरीक्षक,1 पुलिस अधीक्षक, 4 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 8 उपपुलिस अधीक्षक , 10 पुलिस निरीक्षक/ उपनिरीक्षक, 10 सहायक पुलिस निरीक्षक/ हैड कांस्टेबल व 15 कांस्टेबल/ कांस्टेबल कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल किए गए हैं।



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने की घोषणा की है। सीएमओ में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवाओं का भविष्य दांव पर लगाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में पेपर लीक न हो। आरोपियों को सजा दिलाई जाएगी। इसी के साथ उन्होंने गैंगस्टर्स पर एक्शन के लिए 'एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स' गठन किया जाएगा। सीएम बनते ही उन्होंने बैक टू बैक दो बड़े फैसले लेकर चौंका दिया।

### एसआईटी के गठन के साथ ही जांच शुरू

सरकार की ओर से पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर एसआईटी के गठन होने के साथ ही अब इस मामले में जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पेपर लीक प्रकरण में कई नाम उजागर होंगे, जिस पर सरकार कठोर एक्शन लेगी। सरकार की ओर से गठित एसआईटी टीम जांच के बाद जल्द ही कोई अहम खुलासा कर सकती है।

### कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ का निधन

**दुबई।** कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल सबा का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। नवंबर के आखिर में शेख नवाफ को किसी अज्ञात बीमारी को लेकर अस्पताल भर्ती कराया गया था। तब से तेल समृद्ध यह छोटा देश उनके स्वास्थ्य के बारे में खबर का इंतजार कर रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कुवैत के शासक अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन पर दुख व्यक्त किया।



**11वीं बरसी पर बोले निर्भया के पिता**

# 'देश में आज भी बेटियां व महिलाएं सुरक्षित नहीं'

**एजेंसी।** बलिया (उप्र)

दिल्ली के निर्भया घटना की 11वीं बरसी पर शनिवार को उसके पिता ने कहा कि इस कांड के ग्यारह साल बाद अब तक कुछ नहीं बदला है और देश में आज भी बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 'नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ने देश को कई मामले में ऊंचाई पर ले जाने का ऐतिहासिक कार्य किया है, लेकिन महिला सुरक्षा और महिलाओं के साथ दरिंदगी रोकने के मामले में अब तक वह कुछ खास नहीं कर पाए हैं।' निर्भया से 16 दिसंबर, 2012 की रात को दक्षिण दिल्ली में एक बस के भीतर छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था और उससे क्रूरता की थी। इसके बाद चलती बस से उसे फेंक दिया था। निर्भया की 29 दिसंबर को सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में मौत हो गई थी। घटना के ग्यारह साल बाद शनिवार को निर्भया के पिता ने अपनी बेटी को बलिया जिले स्थित अपने पैतृक गांव में श्रद्धांजलि दी। पिता ने कहा कि निर्भया सामूहिक बलात्कार कांड और हत्या के ग्यारह साल बाद देश में अब तक कुछ बदला नहीं है और देश में आज भी बेटियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

**प्रदेश में मंत्रिमंडल के गठन की कवायद**

# आज दिल्ली में आलाकमान लगा सकता है भजन कैबिनेट पर मुहर

- सीएम-डिप्टी सीएम के अलावा कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं 27 मंत्री
- पहली बार MLA बनने वाले भी होंगे शामिल
- नई सरकार में कई नए चेहरों को मिल सकता है मौका

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश के मंत्रिमंडल में नए चेहरों के साथ अनुभवी चेहरों का तालमेल दिखेगा। इसमें पहली बार निर्वाचित हुए विधायकों को भी मंत्री बनाया जा सकता है। मंत्रियों का चयन न केवल आलाकमान के निर्देश पर होगा बल्कि उसमें जाति, वर्ग व जिलों के संतुलन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति की झलक भी दिखाई देगी।



वर्तमान भाजपा विधायकों के जातीय गणित को देखें तो इनमें राजपूत 17, जाट 12, ब्राह्मण 12, एससी के 23, एसटी के 16, गुर्जर 5, वैश्य 8, रावत 3, नागर व धाकड़ 3, कलवी व पटेल 3, बिश्नोई 2, सैनी 2, यादव 2, सिंधी 2, देवासी, राजपुरोहित, जट सिख 1-1, अन्य 2 मिलाकर कुल 115 विधायक हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री सहित 30 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसमें से भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री, दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

उधर, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को दिल्ली जा सकते हैं। जहां वे केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर मंत्रियों के नाम तय कर सकते हैं। इसमें प्रथम चरण में 22 से 25 मंत्री बनाए जा सकते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर मंत्रिमंडल विस्तार किए जाने की संभावना है।

### CM व डिप्टी सीएम के पास रहेंगे अहम विभाग

सरकार के अहम विभाग मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री को दिए जाएंगे। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पास गृह, वित्त, कार्मिक जैसे महत्वपूर्ण विभाग रहेंगे। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को यूडीएच या शिक्षा विभाग, प्रेमचंद बैरवा शिक्षा, परिवहन या सार्वजनिक निर्माण विभाग दिया जा सकता है।

### ये हो सकते हैं मंत्रिमंडल के संभावित चेहरे

पूर्वी राजस्थान के मीणा मतदाताओं को साधने के लिए डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को मंत्री बनाया जा सकता है। उन्हें चिकित्सा या पंचायती राज विभाग दिया जा सकता है। दलित चेहरे के रूप में मदन दिलावर को आगे लाकर उन्हें समाज कल्याण विभाग दिया जा सकता है। सिद्धि कुमारी के रूप में नए चेहरे को मंत्री बनाकर उन्हें पर्यटन या महिला बाल विकास विभाग दिया जा सकता है। बालकनाथ को मंत्री बनाकर सहकारिता, पीएचईडी या वन एवं पर्यावरण विभाग दिया जा सकता है। दीप्ति किरण माहेश्वरी को खेल एवं युवा मामलात राज्यमंत्री बनाया जा सकता है। इनके अलावा जोगेश्वर गर्ग, महंत प्रतापपुरी, पुष्पेंद्र सिंह राणावत, कैलाश वर्मा, अजय सिंह किलक, श्रीचंद कृपलानी, झाबर सिंह खर्रा, भैराराम सियोल,संजय शर्मा, प्रतापसिंह सिंघवी, हीरालाल नागर, शत्रुघ्न गौतम केकड़ी,जवाहर सिंह बेडम, फूलसिंह मीणा,शैलेश सिंह, जितेंद्र गोठवाल खंडार, मंजू बाघमार,सुमित गोदारा, ताराचंद जैन,हंसराज पटेल, जेठानंद व्यास व हेमंत मीणा के नाम भी संभावित मंत्रियों के लिए चर्चा में है।

## जरूरी खबर

### बगरू विधानसभा में होंगे ऐतिहासिक कार्य: कैलाश वर्मा



**बेधड़क, जयपुर।** बगरू विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने शनिवार को मानसरोवर स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर जनसुनवाई की। वर्मा ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 'यूथ आईकॉन आफ इंडिया' द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप के पोस्टर का विमोचन भी किया। वहीं विधायक वर्मा ने प्रतापनगर वार्ड 115 में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन भी किया। इस दौरान वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बगरू विधानसभा क्षेत्र में जनहित में ऐतिहासिक विकास कार्य करवाकर जनता जनार्दन को समर्पित किए जाएंगे।

### रबी सीजन में इस बार 89 फीसदी हुई बुवाई

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में रबी की फसल बुवाई को लेकर कृषि विभाग ने शनिवार को आंकड़े जारी किए हैं। विभाग के अनुसार इस बार 89 फीसदी बुवाई हुई हैं। रबी सीजन में इस बार विभाग ने कुल 1 करोड़ 17 लाख 15 हजार हेक्टेयर बुवाई का लक्ष्य रखा था। जिसमें अब तक 1 करोड़ 4 लाख 78 हजार से ज्यादा हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी हैं। लेकिन इस बार बुवाई का रकबा घट गया है। गौरतलब है कि पिछली सीजन में भाव नहीं मिलने से गेहूं और सरसों का रकबा इस बार घट गया। विभाग ने बुवाई को लेकर प्रदेश भर में 10 अक्टूबर को बुवाई का लक्ष्य जारी किया था। जिसमें 15 दिसंबर तक लक्ष्य के मुकाबले 89.44 प्रतिशत बुवाई पूरी हुई।

### श्रद्धालुओं के लिए दो दिन बंद रहेगा खाटूश्यामजी मंदिर



**बेधड़क, जयपुर।** सीकर जिले में स्थित खाटूश्यामजी मंदिर के दो दिन दर्शन पर रोक रहेगी। श्रीश्याम मंदिर कमेटी खाटूश्यामजी के अनुसार 18 दिसम्बर को श्री श्याम प्रभू की विशेष सेवा-पूजा व तिलक को लेकर श्रद्धालु मंदिर में दर्शन नहीं कर सकेंगे। रविवार रात 10 बजे से सोमवार शाम 5 बजे तक आम भक्तों के दर्शन पर रोक रहेगी। मंदिर कमेटी ने भक्तों से आग्रह किया है कि खाटू श्याम जी के दर्शन को लेकर सोमवार शाम 5 बजे बाद ही जाएं।

### अब 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# मलमास शुरू होते ही शादियों पर लगा एक माह के लिए ब्रेक

**बेधड़क | जयपुर**

पिछले 20 दिन से शहर में गूंज रही शहनाईयों पर एक माह के लिए ब्रेक लग गया है। शनिवार से मलमास की शुरुआत के साथ ही शादी, सगाई व सभी मांगलिक कार्यों पर रोक लग गई है। मलमास के दौरान भगवान सूर्य वृश्चिक राशि से धनु राशि में प्रवेश करते हैं। मलमास शुरू होने के साथ ही अब अगले एक महीने यानी मकर सक्रांति तक विवाह और अन्य मांगलिक कार्यक्रम निषेध रहेंगे। सनातन मान्यता के अनुसार मलमास की अवधि में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और दान-पुण्य का महत्व बढ़ जाता है।

#### सुर्य का धनु राशि में प्रवेश

पञ्चांगकर्ता पंडित दामोदर प्रसाद शर्मा ने बताया कि मलमास शनिवार शाम 4 बजे के बाद से प्रारंभ हो गया और 14 जनवरी को मध्यरात्रि बाद 2:45 बजे समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि जब सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करते हैं तो उस दिन से लेकर मकर राशि में प्रवेश तक के काल को मलमास या खरमास कहते हैं। मलमास के खत्म होने पर 15 जनवरी को सुबह से दिनभर मकर संक्रांति का दान-पुण्य काल रहेगा। मलमास के दौरान श्रद्धालु लोग तिल व तेल से बनी वस्तुओं, गर्म वस्त्र आदि का दान-पुण्य करेंगे। मंदिरों में मल थाली के आयोजन भी होंगे।



#### होगी भगवान विष्णु की आराधना

शास्त्रों के अनुसार मलमास भगवान विष्णु की आराधना का महीना है, इस माह में झूठ, चोरी, घृणा, क्रोध, लोभ, अभद्र भाषा का प्रयोग गलत व्यवहार आदि अनैतिक आचरण से दूर रहकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आराधना करनी चाहिए। इस महीने में दही-चावल और दूध से निर्मित पकवान (खीर आदि) के भोग का विशेष महत्व है। निष्काम भाव से धर्मशास्त्र के पुस्तक का वाचन, स्तोत्र पाठ आदि धार्मिक क्रियाओं को करने का विधान है।

#### मांगलिक कार्य रहेंगे निषेध

पंडित दामोदर प्रसाद शर्मा ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार मलमास शुरू होते ही विवाह और मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम लग गया है। इस दौरान मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, नींव पूजन, नव प्रतिष्ठान प्रारंभ, यज्ञोपवित संस्कार नहीं हो सकते, लेकिन नवजात बच्चों के नामकरण और नक्षत्र शांति पूजा हो सकती है। मलमास खत्म होने के बाद 15 जनवरी से अगले दो माह यानि की मार्च तक विवाह और मांगलिक कार्यक्रम के मुहूर्त रहेंगे। ऐसे में अगले एक माह तक शहनाई की गूंज थम जाएगी। इस पूरे माह में सूर्य देव की पूजा का फल बताया गया है। खरमास में सूर्य देव को तांबे के पात्र से अर्घ्य देना चाहिए। सूर्य पाठ और सूर्य के मंत्रों का जाप करना चाहिए। खरमास में तामसिक भोजन नहीं करना चाहिए। तिल और तेल से बनी वस्तुओं के दान का महत्व बढ़ जाता है। सर्दी के मौसम के चलते कंबल, रजाई, बिस्तर जैसे गर्म वस्त्रों का दान करना चाहिए।

### 'विकसित भारत संकल्प' यात्रा शुरू, सीएम शर्मा बोले...

# गरीबों की सेवा और वंचितों का सम्मान हमारा मूलमंत्र

#### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर गरीब तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का जो सपना हमने संजोया है, उसे सबके साथ और सबके विश्वास से साकार करने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र गरीब की सेवा तथा वंचितों का सम्मान है।

इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हुआ है। शर्मा शनिवार को जयपुर के महारानी कॉलेज परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीसी के माध्यम से राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में 'विकसित भारत संकल्प रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने भी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभा में उपस्थित जनसमूह को वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई।

#### योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे

भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि देश का हर नागरिक आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त, समर्थ एवं समृद्ध बने, सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे तथा हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले ताकि उसका जीवन स्तर बेहतर बन सके। इस अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र लोगों को इससे जुड़ने के लिए जागरूक भी किया जाएगा। यात्रा के दौरान ही संभावित लाभार्थियों की पहचान भी की जाएगी। कुछ योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायतों में आयोजित मेलों में भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, वंचितों की पहचान व लाभ से जोड़ने की प्रक्रिया को राज्य, जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्ण समन्वय तथा जवाबदेहिता के साथ सुनिश्चित करेंगे।

#### किसानों की आय बढ़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत सरकार का ध्येय है कि किसानों की आय बढ़े, खेती में होने वाला खर्च कम हो और बीज से लेकर बाजार तक उन्हें आधुनिक सुविधाएं मिलें। इसके लिए पीएम किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ई-नाम, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, स्वामित्व योजना, कृषि अवसंरचना कोष, पीएम प्रणाम जैसी किसान कल्याण को समर्पित योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

#### गांव-गांव तक पहुंचेंगे 280 रथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के लिए भारत सरकार की ओर से 280 सुसज्जित रथ भिजवाए गए हैं जो 17 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों तक पहुंचेंगे। उन्होंने आमजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, युवा एवं विद्यार्थियों सहित सभी प्रदेशवासियों को इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वाकांक्षी पहल के रूप में इस यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। इस यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के प्रचार-प्रसार के साथ ही वंचित आमजन को इन योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जयपुर ग्रामीण की ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।


#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान सांसद रामचरण बोहरा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, झोटवाड़ा विधायक राज्यवर्धन सिंह राठौड़, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा, जयपुर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर, अतिरिक्त मुख्य सचिव पंचायती राज अभय कुमार, सचिव रवि जैन, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित राज्य सरकार के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित थे।

### तिलक स्वराज कोष की तरह होगी पहल

# 'डोनेट फॉर देश' अभियान से चंदा एकत्रित करेगी कांग्रेस

**बेधड़क | जयपुर**




कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'डोनेट फॉर देश' नाम से 18 दिसंबर से अभियान शुरू करेगी।

पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे। कांग्रेस 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए और इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में देने की अपील करेगी।

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस को चंदा एकत्र करने के अपने ऑनलाइन अभियान 'डोनेट फॉर देश' की शुरुआत की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है और इसका उद्देश्य संसाधनों के समान वितरण और अवसरों से समृद्ध भारत का निर्माण करने के लिए पार्टी को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को उस इतिहास को स्वीकारते हुए अंशदान करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो बेहतर भारत के लिए पार्टी की स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी और सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान को लेकर जागरुकता बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह अभियान मुख्य रूप से पार्टी के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन रहेगा, जिसके बाद हम जमीनी अभियान शुरू करेंगे। इसके तहत पार्टी से जुड़े स्वयंसेवी घर-घर जायेंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित करके हर घर से कम से कम 138 रुपए का अंशदान सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए वेबसाइट donateinc.in. या inc.in. पर भी पब्लिक पैसे डोनेट कर सकती है। साथ ही क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग,कोड स्कैन करके भी डोनेट किया जा सकेगा। डोनेट करने वाला व्यक्ति भारत का नागरिक होना चाहिए और उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

### नव विवाहित जोड़े को PM ने दिया आशीर्वाद



*__बेधड़क, जयपुर।__ राजस्थान पुलिस के डीजीपी साइबर क्राइम डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने अपनी नवविवाहित बेटी अनुष्का व दामाद अटल के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने नवविवाहित जोड़े को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। इस दौरान दोनों परिवारों के पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे। हाल ही में डीजीपी मेहरड़ा की बेटी का विवाह यूपी के चीफ सेक्रेटी डीपी मिश्र के बेटे से हुआ है।*

## गोपाल सिंह और सावन कुमार विशिष्ठ सहायक

**बेधड़क | जयपुर**





प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद अब सरकार के खास अफसरों की नियुक्ति शुरू हो गई है। शनिवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर नव नियुक्त डिप्टी सीएम के लिए आरएएस विशिष्ठ सहायकों की नियुक्ति की गई है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी के विशिष्ठ सहायक आरएएस गोपाल सिंह व डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के विशिष्ठ सहायक आरएएस सावन कुमार चायल को लगाया गया है। दोनों को तुरंत प्रभाव से पद पर कार्यग्रहण करने को निर्देशित किया गया है।


### नई सरकार करेगी आगामी भर्ती की कार्रवाई पर पुनर्विचार

# RPSC की भर्तियों को लेकर बैठक 28 को, हो सकते हैं बड़े फैसले!

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में नई सरकार का गठन होते ही लाखों बेरोजगारों में रोजगार को लेकर उम्मीद जग गई है। पिछली सरकार में निकली भर्तियों को पूरा करने को लेकर भी अबसुगबुगाहट शुरू हो गई है।

वहीं भर्ती परीक्षाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी खासा एक्टिव नजर आ रहे हैं। गौरतलब हैं कि शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने के बाद पहली प्रेस वार्ता में ही सीएम शर्मा ने बहुचर्चित पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन करने ऐलान कर दिया था। शनिवार को आरपीएससी की भर्ती परीक्षाओं की समीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई है। जानकारी के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की आगामी भर्ती परीक्षाओं को लेकर यह समीक्षा बैठक होगी। इसके लिए सचिवालय में 28 दिसंबर को अहम बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में वीसी के माध्यम से विभागीय सचिव जुड़ेंगे। बैठक में भर्ती संबंधी सभी कार्रवाइयों पर पुनर्विचार किया जाएगा।




समीक्षाबैठक में भर्ती परीक्षाओं को लेकर बड़े फैसले होने की उम्मीद है। समीक्षा बैठक में भर्ती परीक्षाओं के पूरे विवरण के साथ सचिव स्तर के अफसर विडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। भर्तियों में पारदर्शिता को लेकर सरकार अफसरों से सुझाव लेगी। इसके साथ ही भर्ती परीक्षाओं को लेकर सरकार के आगामी रोडमैप पर भी चर्चा की जाएगी।

#### डेढ़ हजार पोस्ट्स पर नियुक्ति आदेश जारी

राजस्थान में नई सरकार के शपथ ग्रहण करने के बाद शनिवार को शिक्षा विभाग ने पेंडिंग पड़ी करीब डेढ़ हजार पोस्ट्स पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। नियुक्ति आदेश में 824 टीचर्स और 528 कम्प्यूटर अनुदेशक शामिल हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम ने अलग-अलग आदेश जारी करते हुए सामान्य अध्यापक लेवल 2 के 114, भूगोल व्याख्याता के 686, अध्यापक लेवल 2 सामाजिक विज्ञान के 124 पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ 528 कंप्यूटर अनुदेशकों को नियुक्ति दे दी है।

#### भूगोल के 686 अभ्यर्थियों को नियुक्ति

शिक्षक भर्ती 2022 के चयन के आधार पर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सामान्य अध्यापक पद पर नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। शिक्षा विभाग ने इन 114 टीचर्स की नियुक्ति के लिए प्रदेश की जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पद आवंटित किए हैं। अब जिला परिषद की बैठक में स्वीकृति के बाद इन्हें संबंधित स्कूल में पोस्टिंग दी जाएगी। ये सभी टीचर्स गैर सरकारी यूनिवर्सिटी से डिग्री प्राप्त थे। ऐसे में संबंधित यूनिवर्सिटी से वेरीफाई करने के बाद इन्हें नियुक्ति दी जा रही है। कांग्रेस सरकार ने भूगोल लेक्चरर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू की थी। जिन लेक्चरर का आरपीएससी से चयन हो गया था, लेकिन पोस्टिंग नहीं हो पाई थी, उन्हें अब पोस्टिंग दी गई है।

#### कंप्यूटर अनुदेशकों को मिले आदेश

कंप्यूटर अनुदेशकों की नियुक्ति में जो अभ्यर्थी पोस्टिंग में शेष रह गए थे, उन्हें अब पोस्टिंग दी गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय को कम्प्यूटर अनुदेशक आवंटित किए गए हैं। अब जिला शिक्षा अधिकारी इन 528 कम्प्यूटर अनुदेशकों को रिक्त पदों पर पोस्टिंग देंगे।

## जरूरी खबर

### 20 किलो गांजा के साथ सप्लायर गिरफ्तार



**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सेज थाना पुलिस ने मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19.450 किलो अवैध गांजा जब्त किया है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सेज थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए जोरावर सिंह मालावत निवासी डिग्गी, जिला टोंक हाल विनायक विहार कॉलोनी कलवाडा सेज को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 19 किलो 450 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अवैध गांजा उसके पिता कमलेश सांसी से लाना बताया। दोनों से पूछताछ की जा रही है कि ये लोग इस माल को कहां बेचते हैं और कहां से लाते हैं।

### हनी ट्रेप मामले में महिला समेत तीन गिरफ्तार



**जयपुर।** राजधानी में मुहाना थाना पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर हनी ट्रेप में फंसाकर फिरौती मांगने के आरोप में महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था कि 15 दिसंबर को आरोपी ऋषिकेश, मीना देवी, रामकल्या, श्रीमोहन योगी ने उसे जाल में फंसा अपहरण कर लिया और उसके परिवार वालों से बदले में फिरौती मांगी। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**अभियान चलाकर काटे जाएंगे अवैध कनेक्शन,** कल से शुरू होगी कार्रवाई

# पानी चुराने वालों पर कसेगा शिकंजा, दर्ज होगी एफआईआर

**बेधड़क** | जयपुर

जलदाय विभाग ने बीसलपुर पेयजल लाइन से पानी की चोरी करने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। अभियान चलाकर ऐसे लोगों के अवैध कनेक्शन काटे जाएंगे और उन्हें ऐसा नहीं करने के लिए पाबंद किया जाएगा। इसके बाद भी अगर किसी ने काटे कनेक्शन को दोबारा जोड़ा तो उसके खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। मामले को लेकर पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि पुलिस कमिश्नर को अभियान के दौरान आवश्यक जाब्ता उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा गया। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि 18 दिसंबर से ही अभियान शुरू कर दें। इसके लिए 8 टीमें बनाई गई हैं, जो अवैध पानी कनेक्शन को हटाने के साथ लोगों को पाबंद करेगी।



### बेखौफ ले रखे हैं अवैध नल कनेक्शन

गौरतलब है कि राजधानी में बीसलपुर पेयजल लाइन से पानी की चोरी बड़े पैमाने पर होने लग गई है। पानी चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि सरकारी पेयजल लाइन पर बेखौफ होकर लोगों ने अवैध नल कनेक्शन कर लिए। अब जब पीएचईडी के शिकायत पहुंची तो विभाग ने कार्रवाई शुरू की है। जानकारी के अनुसार आमेर, खो-नागोरियान, आगरा रोड, जगतपुरा एरिया में बड़ी संख्या में लोग अवैध कनेक्शन कर बीसलपुर लाइन से पानी चोरी कर रहे हैं।

### अभियान के दौरान इन क्षेत्रों पर रहेगा विभाग का फोकस

अवैध कनेक्शन हटाने की कार्रवाई को लेकर जलदाय विभाग का मुख्य फोकस आमेर, खो-नागोरियान, आगरा रोड, जगतपुरा एरिया में पर रहेगा। जिन क्षेत्रों में पिछले कुछ समय पहले ही बीसलपुर की लाइनें बिछाई गई हैं। उन क्षेत्रों में बीसलपुर पानी पहुंचने से लोगों ने बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन कर लिए है। इससे लाखों लीटर पानी चोरी हो रहा हैं।

### इतना हो रहा है पानी सप्लाई

राजधानी में जिन क्षेत्रों में नई लाइनें बिछाई गई है, इनमें करीब 9.5 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। इसमें जगतपुरा एरिया में 3 एमएलडी, खो-नागोरियान में 3, जामडोली में 2 एमएलडी और आमेर एरिया में 1.5 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है।

**भाजपा सरकार में शुरू हुआ था काम,** कांग्रेस सरकार ने बिसरा दिया

# द्रव्यवती के अब फिरेंगे दिन

## 5 साल में पहली बार पेटे की सफाई

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की द्रव्यवती नदी रिवर फ्रंट के अच्छे दिन आ गए हैं। प्रदेश में सरकार बदलते ही जेडीए प्रशासन एजेंसी के माध्यम से नदी के पेटे की साफ-सफाई करवा रहा है। अधिकारियों का दावा है कि पिछले पांच साल में पहली बार नदी की अंदरूनी सतह से सफाई की जा रही है। इसके लिए अत्याधुनिक मशीनों को काम में लिया जा रहा है। द्रव्यवती नदी में अब तक सफाई के नाम पर वाटर चेक डैम पर इकट्ठा हुआ कचरा ही हटाया जाता था।

गौरतलब है कि शहर में अमानीशाह नाले को 2016 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्रव्यवती नदी रिवर फ्रंट योजना के रूप में लेकर आई थी, जिसका शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया था। इसके बाद 2018 में सत्ता परिवर्तन के बाद नदी को बिसरा दिया गया था।

**47 किमी लंबी नदी पर खर्च हुए थे 1800 करोड़ रुपए:** द्रव्यवती नदी के सौंदर्यीकरण का प्रोजेक्ट पूर्वर्ती भाजपा सरकार लेकर आई थी। इस परियोजना का काम एक अगस्त 2016 को शुरू हुआ था। तब इसे पूरा करने की तिथि 10 अक्टूबर, 2018 रखी गई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अक्टूबर 2018 को इस प्रोजेक्ट के पहले चरण का उद्घाटन कर दिया था, लेकिन प्रदेश में सत्ता बदलने के साथ ही काम की रफ्तार भी धीमी होते-होते लगभग बंद हो गई। परियोजना की कुल लागत राशि 1470.85 करोड़ रुपए और 10 साल के रख-रखाव के लिए 206.08 करोड़ शामिल करते हुए 1676.93 करोड़ आंकी गई थी।





फोटो: राजेश कुमावत

### साबरमती तर्ज पर किया था विकसित

इस नदी को गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती फ्रंट की तरह इसे विकसित किया गया है। यह नदी जयपुर की करीब सभी विधानसभा सीटों से होकर गुजरती है। रिवर फ्रंट के आसपास अलग-अलग थीम पार्क बनाए गए हैं। इसमें वॉक-वे और वुडलैंड लैंडस्केप भी का काम भी किया जा रहा है। भविष्य में इसमें पानी की व्यवस्था की जा रही है, ताकि बोटिंग भी कराई जा सके। लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते बोटिंग शुरू नहीं हो पाई।

### विशेषज्ञों की देखरेख में हो रही सफाई

मानसरोवर स्थित रिद्धि सिद्धि पुलिया के नीचे सफाई अभियान, टाटा प्रोजेक्ट कंपनी की एजेंसी ने शुरू किया है। एजेंसी ने द्रव्यवती नदी में सफाई के लिए ट्रैक्टर, पोकलेन मशीन, क्रेन कचरा हटाने के लिए डंपर लगाए गए हैं। नदी के पेटे में जमा कीचड़ को पहली बार साफ करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत द्रव्यवती नदी के किनारे बने ट्रैक पर भारी भरकम डंपर कचरा उठाने के लिए पहली बार लगाए गए हैं। वहीं, एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि आसपास की कॉलोनी का गंदा पानी द्रव्यवती नदी के अंदर से डाला जाता है, इस कारण नाला लीकेज हो गया था। इसके कारण नाले के आसपास की मिट्टी बह कर द्रव्यवती नदी में चली गई और किनारा धंस गया। अधिकारियों के मुताबिक 47 किमी लम्बी द्रव्यवती नदी की पूरी सफाई में करीब 60 दिन का समय लगेगा।

**खोले के हनुमान जी में महोत्सव आज**

# लाखों भक्त जीमेंगे अन्नकूट, 41 भट्टियों पर बन रही प्रसादी



**बेधड़क** | जयपुर

खोले के हनुमान मंदिर में रविवार को 63वें अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में भोग की महाआरती के दोपहर 12:30 बजे से रात 11 बजे तक पौने दो लाख से अधिक भक्तजन चूल्हा उखाड़ पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे। प्रसादी बनाने का कार्य शनिवार से शुरू हो चुका है, जो रविवार रात तक निरंतर जारी रहेगा।

पंगत प्रसादी से पहले लक्ष्मण डूंगरी के खोले में विराजे रामजी, हनुमानजी, अन्नपूर्णा, गायत्री व वैष्णों माता, द्वादश ज्योर्तिलिंग सहित सभी देवालयों में 56 व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक ओमजी रावत ने बताया कि अनकूट में मूंग, चौला, बाजरा, चावल, गडमढ सब्जी, कढ़ी के साथ ही हलवा और भुजिए भी प्रसादी में शामिल होंगे। उत्सव के दौरान खोले के हनुमान जी के फल-सब्जी की झांकी, श्री आनन्देश्वर महादेव के अत्र की झांकी, सियाराम जी महाराज की छप्पन भोग की झांकी, श्री गणेशजी के हलवा पुरी की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इसके अलावा अन्नपूर्णा माता के मंदिर में विभिन्न व्यंजनों की झांकी अन्नकूट स्थल पर शिव परिवार की बर्फ की झांकी, परिसर में मौजूद अन्य देवालयों में विभिन्न प्रकार की झाकियां सजाई जाएंगी।

इसके अलावा आसपास के क्षेत्र के 61 मंदिरों में भी प्रसादी का भोग लगेगा। वहीं खोले के हनुमान जी के मंदिर परिसर के पास स्थित हड्डीशाह बाबा की मजार पर भी छप्पन भोग, अन्नकूट की प्रसादी एवं चादर चढ़ाई जाएगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**CM कल करेंगे अभियान का शुभारंभ,** मेयर ने ली बैठक

# आमजन को योजनाओं से जोड़ेंगे

**बेधड़क** | जयपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी अभियान के तहत आमजन को केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके तहत शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें लाभार्थियों का पंजीयन कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। अभियान का आगाज 18 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सांगानेर स्टेडियम में करेंगे। इस संबंध में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त बाबूलाल गोयल ने शनिवार को जोन उपायुक्तों, अधिकारियों, अधिशाषी अभियंताओं की बैठक ली।



बैठक में डॉ. सौम्या ने अधिकारियों को कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। वहीं, ग्रेटर आयुक्त बाबूलाल गोयल ने शनिवार को बैठक के बाद सांगानेर स्टेडियम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि अभियान के अन्तर्गत सभी सातों जोनों में कैम्प लगाए जाएंगे। एक दिन में दो कैम्पों का आयोजन होगा। कैम्प का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

**महात्मा गांधी अस्पताल के डॉक्टर्स की उपलब्धि, नौ घंटें की जटिल सर्जरी**

# हार्ट ट्रांसप्लांट से मिली मरीज को नई जिंदगी

**बेधड़क** | जयपुर

महात्मा गांधी अस्पताल के डॉक्टरों ने एक हार्ट पेंशेंट मरीज का सफलतापूर्णक हार्ट ट्रांसप्लांट कर नई जिंदगी दी है। करीब नौ घंटे की ऑपरेशन प्रक्रिया के बाद कोटा निवासी मोहम्मद जफर को यह नया हार्ट लगाया गया। इस ट्रांसप्लांट में खास बात ये हैं कि रेसीपिएंट (अंग लगाए जाने वाला मरीज) के हार्ट का छह माह पहले भी बाइपास ऑपरेशन चुका था। वहीं, एक चुनौती यह भी थी कि जयपुर में चल रहे वीआईपी मूवमेंट के चलते एयर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर ग्रीन कॉरिडोर के जरिए हार्ट को सड़क मार्ग से चार घंटें में जयपुर लाया गया। रोगी अब अच्छे से बात कर रहा है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में ब्रेन डैड हुए एक 37 वर्षीय रोगी सुशील कुमार के परिजनों स्वैच्छिक तौर पर हार्ट का अंगदान किया गया था। इसके बाद यह हार्ट महात्मा गांधी अस्पताल लाया गया।



हार्ट सर्जरी निदेशक तथा मुख्य हार्ट सर्जन डॉ. मुर्तजा अहमद चिश्ती के नेतृत्व में ऑपरेशन में डॉ. आशीष शर्मा, कार्डिएक एनेस्थीसिया विषेषज्ञ डॉ. सौरभ गुप्ता, डॉ. वरूण छाबडा, डॉ आशीष जैन, फिजीशियन असिस्टेंट पवन गुप्ता, मोहन सिंह, राजवीर मिश्रा, ओटी इंचार्ज उमेश, नरोत्तम, कुसुम समेत तीन दर्जन चिकित्साकर्मियों ने उल्लेखनीय सहयोग दिया। मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट डॉ. आर सी गुप्ता, सीओओ सुकान्ता दास, ट्रांसप्लांट कोर्डिनेटर शशांक ने नोटो तथा पुलिस के सहयोग से ग्रीन कोरिडोर तथा ट्रांसप्लांट सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण की।

**जेडीए के कार्यशैली पर लोगों ने उठाए सवाल**

# शपथ लेते ही तीन घंटे में सड़क बन गई डिप्टी सीएम के घर के आसपास

- कॉलोनी की बाकी गलियों में रास्ते ऊबड़-खाबड़ छोड़े
- दूसरी कॉलोनी में पहुंचने में ही लग जाते हैं दस मिनट
- स्थानीय लोगों ने जेडीए के उच्च अधिकारियों को की शिकायत
- पांच साल से जेडीए के अफसरों के पास सड़क बनाने के लिए लगा रहे हैं चक्कर

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर स्थित सुमेर नगर में पांच साल से उबड़-खाबड़ पड़े रास्ते में तीन घंटे में ही जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अधिकारियों ने सड़क बिछाकर डामरीकरण भी कर दिया। दरअसल सुमेर नगर में उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा का घर है। ऐसे में जेडीए के अधिकारियों में नंबर बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। खास बात है कि जेडीए के अधिकारियों ने केवल बैरवा के कॉलोनी में घर के आस-पास में ही सड़क बनाई है। कॉलोनी की बाकी गलियों को उबड़-खाबड़ ही छोड़ दिया, जबकि सुमेर नगर समेत 27 कॉलोनियों के निवासी पिछले पांच साल से जेडीए के अफसरों के पास सड़क बनाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन कॉलोनियों में रास्तों की इतनी बदतर हालत है कि एक कॉलोनी से दूसरी कॉलोनी में पहुंचने में ही दस मिनट लग जाते हैं। बरसात के समय तो गाड़ियां रास्ते में बने गड्ढों में फंस जाती है। अफसरों ने बैरवा के घर के आस-पास गली में पानी के निकासी के लिए किनारा भी नहीं छोड़ा और पूरी गली में सड़क बना दी। इस मामले में स्थानीय लोगों ने जेडीए के उच्च अधिकारियों को शिकायत भी की है, लेकिन अधिकारियों ने लोगों को जवाब दिया कि डिप्टी सीएम साहब के घर पर सड़क बनेगी, नहीं तो उनको जेडीए से हटा दिया जाएगा।

### अभी कच्चे रास्ते, इसलिए नहीं पड़ेंगे कटिंग चार्ज

मानसरोवर विस्तार में आने वाले करीब 27 कॉलोनियों की सैकड़ों गलियों में कभी जेडीए व नगर निगम ने सड़क नहीं बनाई। इन कॉलोनियों की गलियां सालों से उबड़-खाबड़ है। ऐसे में पानी के कनेक्शन के लिए कटिंग चार्ज देना नहीं पड़ेगा, लेकिन जेडीए के अधिकारी सड़क बनाकर कटिंग चार्ज वसूल करेंगे और सड़कें फिर से टूट जाएगी। कई कॉलोनियों में तो जेडीए के अधिकारी बिना सड़क के भी लोगों से कटिंग चार्ज वसूल कर रहे हैं।



### 2 हजार रुपए मीटर के हिसाब से कटिंग चार्ज देना पड़ेगा

पड़ताल में सामने आया कि मानसरोवर इलाके में स्थित सुमेर नगर, आयकर नगर, आयकर नगर द्वितीय, सचिवालय विहार, श्रीराम विहार, श्रीराम विहार द्वितीय, नवकार विहार, गणेश नगर, भवानी नगर, जीपी कॉलोनी, शिव शक्ति नगर, सुमेर नगर प्रथम, सुमेर नगर द्वितीय, भैरव नगर, मोती नगर, सुंदर नगर, विनायक अपार्टमेंट, भैरू नगर, कैलाश विहार, गिर्राज नगर, सरस्वती एनक्लेव, पवन विहार, कीर्ति सागर प्रथम, श्रवण पैलेस गार्डन, कैलाश विहार द्वितीय, श्रीराम विहार ए व सुमेर पैराडाइज की कॉलोनी में रहने वाले लोगों बिना सड़क के ही जेडीए के अधिकारी बिसलपुर कनेक्शन के लिए सड़क कट करने पर चार्ज वसूल करेंगे।



"पानी का कनेक्शन मिलने के बाद ही सड़कें बनेगी। अभी टेंडर नहीं हुए हैं। डिप्टी सीएम साहब की गली के टैंडरों व सड़क निर्माण की जानकारी नहीं है।

**ओमप्रकाश बैरवा,** जेईएन, जेडीए

## जरूरी खबर

### विधायक का चूरू पहुंचने पर किया भावभीना स्वागत



**चूरू।** नवनिर्वाचित भाजपा विधायक अपने निर्वाचन के बाद चूरू पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक सहारण ने विभिन्न देवालयों में जाकर धोक लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की नई भाजपा सरकार में हम सब भाजपा के कार्यकर्ता मिलकर आम जनता को शासन का लाभ दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेशवासियों को विकास की बुलंदियों पर ले जाएगी। बैरवा ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार पूरे प्रयास करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष विमला गढवाल, पद्म सिंह, उपाध्यक्ष अभिषेक चोटिया, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आनंदपाल के भाई और चाचा को दो साल की सजा

**कुचामनसिटी।** गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के भाई रूपेंद्रपाल सिंह और उसके चाचा दामोदर सिंह को कोर्ट ने राजकार्य में बाधा व तत्कालीन आईपीएस दीपक यादव से बदसलूकी मामला में सजा सुनाई है। वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश और अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम मीणा ने दोनों को दो-दो साल की जेल और 2100 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला साल 2017 का है। एसीजेएम न्यायालय में पेशी के लिए रूपेंद्रपाल सिंह को दौसा और दामोदर सिंह को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से कड़ी सुरक्षा में बख्तरबंद गाड़ियों में लाया गया।

### इश्क में अंधे पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट



**बारां।** अंता थाना क्षेत्र के तामखेड़ा गांव में इश्क में अंधे एक पति ने पत्नी को प्रेमिका के संग मिलकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार के अनुसार तामखेड़ा निवासी विष्णु सुमन की शादी रामगढ़ निवासी मीना सुमन से हुई थी। वहीं विष्णु के भोराजेडी निवासी सुनीता से अवैध संबंध बताए जा रहे हैं। जिसके चलते प्रेमिका सुनीता, विष्णु व भगवती नाम के लड़के ने मिलकर मृतका मीना के मुहं में कांच भरकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

---

**पीएम मोदी की मुहिम 'मैरिज इन इंडिया' से प्रभावित होकर एनआरआई सिद्धार्थ शादी करने आए अपने देश**

# बिहारी बाबू अमेरिकी मैम संग आज जोधपुर में रचाएंगे शादी

**बेधड़क** | जोधपुर

देशी-विदेशी लोगों में शाही शादी की हसरत पूरी करने के लिए राजस्थान अपने आप में खास जगह है। अनेकों वीवीआईपी शादियों का गवाह बना राजस्थान एक बार फिर शाही शादी को लेकर चर्चा में है।

बिहार में जन्में एनआरआई सिद्धार्थ सिन्हा जोधपुर में रविवार को अमेरिका की ओक्साना से शादी रचाएंगे। इसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। वहीं कई वीवीआईपी इस शादी में शामिल होने के लिए जोधपुर पहुंच रहे हैं। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक अपील ने एनआरआई सिद्धार्थ के दिल को छू लिया। पीएम मोदी की ओर से चलाई गई 'मैरिज इन इंडिया' ने सिद्धार्थ को भारत में आकर शादी करने के लिए प्रेरित किया है। जोधपुर के उम्मेद पैलेस और मेहरानगढ़ में देसी बाबू और विदेशी मेम की शादी को यादगार बनाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

दरअसल, शादी करने के लिए राजस्थान के जोधपुर शहर से बेहतर जगह कहीं नहीं मिल सकती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से मैरिज इन इंडिया की मुहिम चलाई है, तब से विदेश में रहने वाले एनआरआई अपने देश में आकर शादी कर रहे हैं और उन पलों को यादगार बना रहे हैं। एक और एनआरआई कपल अपनी शादी को यादगार बनाने आया है।

### हिन्दू रीति-रिवाज से होगा विवाह

प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम से प्रेरित होकर सालों पहले बिहार में जन्मे एनआरआई सिद्धार्थ सिन्हा अपने ही देश में आकर अपने विवाह को यादगार बनाना चाहते हैं। सिद्धार्थ यूक्रेनीयन अमरीकन दुल्हन ओक्साना से हिन्दू रीति-रिवाज से शादी करेंगे। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सात फेरे लेंगे। इसके लिए फेरों के मंडप को भी आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। वहीं शनिवार को मेहंदी-हल्दी रस्म भी हुई। दुल्हा और दुल्हन को हल्दी और मेहंदी लगाई गई। वहीं इस दौरान संगीत समारोह भी हुई। इसमें कई नामचीन कलाकारों ने प्रस्तुतियां देकर मेहमानों को खूब झुमाया।



### सिद्धार्थ का अमेरिका में एनर्जी बिजनेस

सिद्धार्थ सिन्हा का अमेरिका में एनर्जी का बिजनेस है और वो कई सालों पहले भारत से अमेरिका में जाकर बस गए थे। तब से लेकर आज तक सिद्धार्थ ने ना केवल अपना बिजनेस बड़ा किया बल्कि एक कामयाब एनआरआई बनकर विदेश में भी अपने देश का नाम ऊंचा किया है। विदेश में रहने के दोरान ही उनको इंग्लिश मेम ओक्साना से प्रेम हो गया, लेकिन विदेश में रहने के बावजूद अपनी संस्कृति और संस्कार नही भूले। सिद्धार्थ ने अपनी शादी के लिए जोधपुर को चुना, जहां वे अपनी विदेशी दुल्हनियां के साथ फेरों के बंधन में बंधेंगे।

---

**दुर्घटनाओं और यातायात दबाव से लोगों को मिलेगी मुक्ति**


# सांचौर का बदलेगा नजारा, 356 करोड़ से बनेगा एलीवेटेड हाईवे

**बेधड़क** | सांचोर

शहर में रानीवाड़ा-सांचौर मार्ग व मुख्य सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के चलते आए दिन होने वाले सड़क हादसों और यातायात जाम की समस्या से स्थानीय लोगों को अब निजात मिल सकेगी। साथ ही सांचौर शहर से होकर गुजरने वाले लम्बी दूरी के वाहनों को भी अब यातायात जाम में नहीं फंसना पड़ेगा।

केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने यहां एलीवेडेड हाईवे निर्माण के लिए डीपीआर बनाने को मंजूरी दी है। डीपीआर तैयार होने के बाद जल्द ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी और फिर काम शुरू हो सकेगा। एलीवेटेड हाईवे को मंजूरी देने के लिए सांसद देवजी पटेल ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। गौरतलब है कि सांसद पटेल ने गत सितम्बर माह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर एलीवेटेड हाईवे निर्माण की मांग की थी। इस मुलाकात में सांसद पटेल ने बताया था कि सांचौर शहर से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-68 गुजर रहा है जो कि पंजाब-बाडमेर-सांचौर-गुजरात तक जाता है। सांचौर शहर में इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो मुख्य सड़क रानीवाड़ा-सांचौर मार्ग एवं अन्य मुख्य सडक क्रॉस कर रही हैं। यहां पर भारी वाहनों एवं स्थानीय वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है। इसके चलते अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ये दोनों सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग से सांचौर में प्रवेश करने के लिए मुख्य रास्ते के रूप में हैं। सांचौर शहर की आबादी राष्ट्रीय राजमार्ग-68 के दोनों तरफ बसी हुई है। सांसद पटेल की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए डीपीआर की सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई एवं जल्द इस समस्या के निस्तारण के लिए सांचौर शहर में एलीवेटेड हाईवे निर्माण का केन्द्रीय मंत्री ने भरोसा जताया है।

**सांसद की मांग पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी डीपीआर की स्वीकृति**




> सांचौर की एक बड़ी विकट समस्या थी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जनहित में निस्तारण कर चार लाइन एलीवेटेड हाईवे की स्वीकृति जारी की है। इसके लिए स्थानीय लोगों की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं।
>
> **देवजी एम पटेल, सांसद**

### 23 जनवरी को खोली जाएगी निविदा

एलीवेटेड हाईवे निर्माण के लिए 5 दिसम्बर को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे-68 पर एलीवेटेड हाईवे निर्माण की निविदाएं आमंत्रित की गई थी। अब आगामी 23 जनवरी, 2024 को निविदाएं खोली जाएंगी। सांसद देवजी पटेल ने बताया कि सांचौर शहर में यातायात दबाव कम करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नेशनल हाईवे-68 पर धर्मकांटा कॉलोनी से अमृतसर-जामनगर भारतमाला परियोजना गरडाली तक 6.20 किमी निर्माण किया जाएगा। इसमें से मुख्य शहर में 3 किमी एलीवेटेड हाईवे का निर्माण किया जाएगा।



### स्थानीय लोगों ने सांसद का जताया आभार

केन्द्र सरकार की ओर से सांचौर में एलिवेटेड हाईवे की स्वीकृति जारी होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। वर्षो से यातायात दबाव की परेशानी झेल रहे लोगों को भविष्य में इस समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं शनिवार को स्थानीय लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के निर्णय पर खुशी जताते हुए क्षेत्रीय सांसद देवजी एम पटेल का आभार जताया। लोगों का कहना था कि वर्षों से यातायात जाम की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। वहीं यातायात अिधक होने के चलते आए दिन सड़क हादसे भी होते रहते हैं, अब इन सब से मुक्ति मिलने की उम्मीद जगी है।

---

**हनुमानगढ़ में भीषण सड़क हादसा**

# कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर, तीन लोगों की मौत



**बेधड़क** | हनुमानगढ़

जिले के गोगामेड़ी थाना इलाके में शुक्रवार देर रात भीषण हादसा हो गया। बोलेरो और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में बोलेरो सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का हरियाणा के सिरसा सिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपे। हनुमानगढ़ जिले के गोगामेड़ी थाना अधिकारी राधेश्याम के अनुसार रात करीब 1.30 बजे पिकअप और बोलेरो गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

हादसे में बोलेरो सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। हादसा परलीका से नोहर की ओर कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पंप और राजेंद्र स्कूल के बीच हुआ। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राजवीर (38) पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी कुंजी थाना भादरा, राजकुमार (25) पुत्र दयाराम जाट निवासी कुंजी थाना भादरा और रामस्वरूप (38) पुत्र श्रीचंद जाट निवासी लीहे थाना के रूप में हुई। वहीं घायल की पहचान मांगेराम (45) पुत्र नानूराम जाट निवासी पीएस गोगामेड़ी के रूप में हुई है।

---

**सीवरेज की खुदाई के दौरान हुआ हादसा**

# मिट्टी में दबने से श्रमिक की मौत

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के आदर्श नगर थाना क्षेत्र के बालूपुरा में सीवरेज की खुदाई के दौरान हादसा हो गया। खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी गिरने से एक श्रमिक दब गया और उसकी मौत हो गई।

स्थानीय निवासी मनीष सैन ने बताया कि बालूपुरा क्षेत्र में सीवरेज की खुदाई का काम चल रहा है। इसके लिए शनिवार को श्रमिक को नीचे उतारा गया था। श्रमिक खुदाई में जुटा हुआ था। इस दौरान अचानक मिट्टी ढहकर श्रमिक पर जा गिरी और वह दब गया। मौके पर काम कर रहे अन्य श्रमिकों ने देखा तो वे दौड़े और मिट्टी को हटाकर उसे बाहर निकाला। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से उसे जेएलएन अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान बूंदी के हिंडौली निवासी 45 वर्षीय छीतर महाराज के रूप में हुई। पुलिस ने शव को जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।



---

**राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी में विद्वानों ने प्रकट किए विचार**

# स्वगृही शनि ने दिलाई सत्ता की चाबी

**बेधड़क** | उदयपुर

शनि के कुंभ राशि में होने से साधारण पृष्ठभूमि के नेताओं को सत्ता में आने का बड़ा फायदा मिला है। स्वराशि के शनि ने साधारण नेताओं को उच्च पदों पर पहुंचा दिया है।

ये विचार शनिवार को महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशनके सहयोग से अखिल भारतीय प्राच्य ज्योतिष शोध संस्थान की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय ज्योतिष शोध संगोष्ठी में कही। आयोजन के दूसरे दिन राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना में नए और साधारण पृष्ठभूमि वाले नेताओं को सत्ता मिलने के कारणों पर चर्चा हुई। ज्योतिषियों ने इसका कारण शनि का अपनी राशि कुंभ में होना बताया है। जयपुर से आए ज्योतिष मनोज गुप्ता ने बताया कि शनि के अपनी राशि में विराजमान होने से साधारण बैकग्राउंड वाले नेताओं को सत्ता मिलने के योग बने। उन्होंने कहा कि अगले साल अप्रैल से दिसंबर 2025 तक का समय नवनिर्वाचित सरकार के लिए चुनौतियों भरा रहेगा। संगोष्ठी में दूसरे दिन ज्योतिषियों ने पितृ दोष के कारणों और निवारणों पर जानकारी दी। ज्योतिषियों ने कहा कि पितृ दोष का समाधान हर कोई चाहता है। कई बार पितृ दोष कर्मों के आधार पर भी हो सकता है।

नेपाल से आए महेंद्र नाथ मूंधड़ा ने कहा कि पितरों के निमित्त किए जाने वाले कर्म का सही समय दोपहर डेढ़ से चार बजे का होता है। इस दौरान महेन्द्र कुमार दाधीच, गोविन्द सिंह निरबाण, हरदीप सिड़ाना, रूपिन्दर पुरी, दविन्दर सोनी, नवेश वर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, मधुसूदन शर्मा, पं. मुकेश शास्त्री, पं. जनार्दन व अन्य विद्वानों ने अपनी रिसर्च को श्रोताओं के सामने रखा।



---

**उपमुख्यमंत्री ने किया 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारंभ**

# जनता का हमें मिला अपार स्नेह, जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे: बैरवा

**बेधड़क** | टोंक

भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रति व्यापक जन जागरुकता एवं इनसे वंचित लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का राजस्थान में शनिवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान टोंक में जिला स्तरीय समारोह आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा भी मौजूद रहे। समारोह में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि नई सरकार को प्रदेश जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया है उसके हम आभारी हैं। हमारी सरकार जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की जो संकल्पना रखी है, इसमें हर देशवासी की भागीदारी रही है। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को सुगम तरीके से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। यात्रा के दौरान न केवल आमजन को योजनाओं की जानकारी मिलेगी, बल्कि पात्र व्यक्तियों को इससे जुड़ने के लिए जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर परिवार को पक्का मकान, हर घर नल से जल कनेक्शन, हर घर शौचालय, निःशुल्क उपचार, गैस कनेक्शन, निःशुल्क राशन, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा एवं पीएम स्वनिधि योजनाओं से आमजन एवं किसानों के जीवन में बदलाव आया है।

समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा, पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान, एडीएम डॉ. सूरज सिंह नेगी, एडीएम मालपुरा अशोक कुमार त्यागी, एसडीएम निवाई रविकांत सिंह मीणा, पुलिस उपाधीक्षक वृत्त टोंक सलेह मोहम्मद, वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन सैय्यद अबूबकर नकवी, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, राजेंद्र गुर्जर, विजय सिंह बैंसला एवं राजेंद्र पराणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




### केन्द्र सरकार की योजनाओं से आमजन को राहत

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब के कल्याण की सोच के साथ कई योजनाएं चलाई हैं। इससे आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है। कमजोर वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा कर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए नए कानून लाए गए हैं, ताकि दिव्यांगजनों एवं जनजाति वर्ग का जीवन सशक्त बन सके। वित्तीय समावेशन के तहत 50 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोलकर 13 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश के 26 करोड़ से अधिक परिवार विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत से जुड़कर निःशुल्क उपचार करा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं विशिष्ट अतिथि सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया व अन्य अतिथियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### लाभार्थियों को बांटे किसान क्रेडिट कार्ड के चेक

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भारतीय किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लाभार्थी कैलाश यादव को 30 लाख रुपए एवं गोपाल जाट को 18 लाख रुपए का चेक मौके पर भेंटकर लाभान्वित किया। इस अवसर पर दोनो लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब, वंचित एवं शोषित वर्ग के लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। इन योजनाओं से उनके आर्थिक एवं सामाजिक जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के पहली बार टोंक आगमन पर जिला मुख्यालय के कृषि ऑडिटोरियम में पुलिस के जवानों की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## 'रीसेंट एडवांसमेंट्स इन एआई' पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

# इंजीनियरिंग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की भूमिका पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के विशेषज्ञों ने एआई के प्रभावों व इसकी चुनौतियों पर चर्चा की। 'रीसेंट एडवांस्मेंट्स इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर यह कॉन्फ्रेंस पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की ओर से तथा एसएएस इंडिया तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मशीन लर्निंग एप्लीकेशन फॉर सोसाइटी के सहयोग से आयोजित की गई।

विक्टोरियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) के ग्लोबल इंगेजमेंट के वाइस प्रेसीडेंट डॉ. अरुण पाटिल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे, जबकि साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (नई दिल्ली) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जगदीश चंद बंसल, क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (ऑस्ट्रेलिया) की प्रोफेसर डॉ. रिची नायक, एमएनआईटी (जयपुर) की सीएसई डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. नमिता मित्तल और यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोंगोंग (दुबई) के रिसर्च हेड डॉ. मनोज कुमार गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अरुण पाटिल ने एआई-आधारित समाधानों को लागू करने की प्रमुख चुनौतियों के बारे में बताया। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी ने दैनिक जीवन में एआई के व्यापक प्रभावों की जानकारी दी। प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता ने इंजीनियरिंग एजुकेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय खूंटेटा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किए गए सभी रिचर्स पेपर स्प्रिंगर बुक सीरीज इनोवेशन इन सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज एंड कंप्यूटिंग में प्रकाशित किए जाएंगे।



### रियल वर्ल्ड उदाहरणों से समझी एआई की ताकत

डॉ. जगदीश चंद बंसल ने एआई के क्षेत्र के विभिन्न अवसरों और निकट भविष्य में इसकी चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ. नमिता मित्तल ने हेल्थकेयर से फाइनेंस तक सभी क्षेत्रों में एआई की परिवर्तनकारी ताकत को प्रदर्शित करने वाले वास्तविक दुनिया के उदाहरण प्रस्तुत किए और एआई एप्लीकेशंस की जटिलताओं को रेखांकित किया। डॉ. रिची नायक ने पारंपरिक एआई की जेनेरिक एआई से तुलना करते हुए प्रभावी विश्लेषण प्रस्तुत किया। डॉ. मनोज कुमार ने एआई व सिक्योरिटी का आपसी संबंध बताया। मेजबान पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## Yuva स्टोरीज



**इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा |**
**जयपुर।** रामबाग चौराहा स्थित सुबोध महिला कॉलेज में शनिवार को इंटर कॉलेज क्विज तथा वैज्ञानिक मॉडल प्रतियोगिता 'इंक्विजीटो-23' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र -छात्राओं ने बोद्धिक एवं सृजनात्मक कौशल का परिचय प्रश्नोत्तरी एवं जीवंत मॉडल बना कर दिया। इससे पूर्व महाविद्यालय के संयोजक वीसी डागा, प्राचार्या डॉ. रेणु जोशी एवं उपप्राचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने निर्णायक मण्डल का स्वागत कर अपने उदबोधनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। निर्णायक मण्डल में लेफ्टिनेंट डॉ. दीपिका व डॉ. प्रवीण गर्ग, सहायक आचार्य, राजस्थान विश्व विधालय ने दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की। अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनीता गजावत, डॉ. मंजु बाघमार एवं वर्षा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तकनीक व नवाचारों से बज रहा आयुर्वेद का डंका




**बेधड़क** | जयपुर

आयुर्वेद तकनीक और नवाचारों से पूरी तरह लब्ध है, पूरी दुनिया में इसका डंका बज रहा है। आयुर्वेद को लेकर कुछ ऐसी ही बाते कहीं एक्सपर्ट्स ने। मौका था राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान एवं माय क्रैक द वेलनेस कोड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'आयुर्वेदा 2.0' का।

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित सेमीनार में आयुर्वेद में तकनीक एवं नवाचारों के उपयोग से आ रहे बेहतर परिणाम एवं विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से आयुर्वेद का सामंजस्य जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में फाउंडेशन के ग्लोबल चेयरमैन नरेन बक्शी, एमडी विंग कमांडर वीके काला, डायरेक्टर शरद कामरा, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बाला पसाला, डॉ. देविका देशमुख, श्रीकृष्ण खंडेल एवं गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. रश्मि जैन, एनआईए के वाइस चांसलर प्रो. संजीव शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में यूएसए में 35 वर्षो से एमडी आयुर्वेद के तौर पर कार्यरत डॉ. विवेक शानभाग ने कहा कि आयुर्वेद में तकनीक और नवाचारों के साथ अब असाध्य बीमारियों का भी सटीक इलाज किया जा रहा है।




**छात्रों को दिए इंटर्नशिप सर्टिफिकेट |**
**जयपुर।** नव विकल्प नशामुक्ति संस्थान की ओर से एसएस जैन सुबोध कॉलेज के छात्रों को इंटर्नशिप करवाकर सर्टिफिकेट दिए गए। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बीपी चंदेल ने इंटर्नशिप कर चुके छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस अवसर पर चंदेल ने उपस्थित लोगों को विभाग द्वारा समाज कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हरीश भूटानी ने कहा कि आज समाज में नशे की समस्या बढ़ती ही जा रही है और इससे निपटने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने होंगे।

## SIH ग्रैंड फिनाले: मेजबानी करेगा एसकेआईटी

# गुलाबी नगर में जुटेगा देश का टैक्नोलॉजी टैलेंट


**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एवं ग्रामोत्थान (एसकेआईटी) विश्व के सबसे बड़े ओपन इनोवेशन मॉडल स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2023 के सॉफ्टवेयर एडिशन के छठे संस्करण के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही एसकेआईटी कॉलेज स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी के लिए नोडल केंद्र के रूप में चयनित शिक्षण संस्थान हो गया है।

कॉलेज निदेशक जयपाल मील ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि एसआईएच 'द प्रीमियर हैकथॉन ऑफ द ईयर' के रूप में जाना जाता है। यह भारत सरकार की ओर से प्रतिभा और नवाचार को बढ़ावा देने वाली एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो पूरी दुनिया में अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ ख्याति प्राप्त है। एसकेआईटी में यह आयोजन 19 और 20 दिसंबर को होगा। मील ने कॉलेज के एसआईएच ग्रैंड फिनाले के लिए नोडल सेंटर के लिए चयन को कॉलेज के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह पूरी टीम के प्रयास एवं गुणवत्ता का ही परिणाम है कि इतने बड़े आयोजन के लिए भारत सरकार ने कॉलेज का चयन कर अपना विश्वास जताया है।

कॉलेज के 70 फैकल्टी मेम्बर और 200 स्टूडेंट वॉलियंटर्स इस आयोजन को सफल बनाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। एसआईएच के मीडिया एडवाइजर प्रो. पुनीत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम 19 दिसंबर को सुबह आठ बजे शुरू होगा। मुख्य अतिथि एआईसीटीई के मेम्बर सैक्रेट्री राजीव कुमार एवं भारत सरकार की इनोवेशन सेल के पूर्व निदेशक मोहित गंभीर होंगे।






### कॉलेज की तैयारियां पूरी

जयपाल मील ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने हैकथॉन में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए विभिन्न तैयारियां की है, जिससे स्टूडेंट्स को प्रोजेक्ट पर काम के दौरान एकाग्रता रखने में मदद मिल सके। इसके लिए निश्चित अंतराल पर कल्चरल इवेंट के साथ ही जुम्बा आदि का आयोजन होगा। इसके लिए 18 तारीख को हैकथॉन में आने वाले स्टूडेंट्स को प्रदेश की सांस्कतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचय करवाने के लिए जयपुर भ्रमण करवाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स के रिफ्रेषमेंट के लिए 19 दिसंबर की रात कल्चरल प्रोग्राम एवं 20 दिसंबर की सुबह जुम्बा की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही आयोजन से संबंधित अन्य तमाम तैयारियां एक्सपट् र्स के मार्गदर्शन में पूरी की जा चुकी हैं।


### 27 टीमें करेंगी शिरकत

प्रो. पुनीत शर्मा ने बताया कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के लिए मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के इनोवेशन सेल एवं एआईसीटीई द्वारा देशभर में 47 नोडल केंद्र चयनित किए गए हैं। एसकेआईटी में होने वाले ग्रैंड फिनाले में देशभर से 27 टीमें शिरकत करेंगी। इनमें आईआईटी खड़गपुर (पश्चिम बंगाल), सेंट मदर थेरेसा इंजीनियरिंग कॉलेज (तमिलनाडु), एनआईएफटी (झारखंड), नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (दिल्ली) समेत अन्य टीमें शामिल हैं। प्रत्येक टीम में एक महिला उम्मीदवार के साथ 6 सदस्य शामिल होंगे। पीएसजीआर कृष्णमल कॉलेज फॉर वीमेन तमिलनाडु की एक टीम में सभी महिला उम्मीदवार होंगी।

### इन टॉपिक्स पर होगा प्रोग्राम

हैकथॉन के दौरान झारखंड और केरल सरकार से जुड़ी समस्याओं मसलन घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन, वायु और जल गुणवत्ता सूचकांक और पर्यावरण निगरानी, ग्रामीण प्रबंधन के लिए एआई सहायता प्राप्त टेली-मेडिसिन कियोस्क, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एक प्रणाली का विचार और कार्यान्वयन और क्षमता निर्माण, प्रदर्शन मूल्यांकन, और संकाय उन्नयन के लिए प्रेरणा संचालित उपकरण जैसे टॉपिक शामिल किए गए हैं। विभिन्न टीमों के सदस्य इन टॉपिक्स पर सटीक समाधान देने पर कार्य करेंगे।

# तेरह दिन में बांग्लादेश बनाने में सगत सिंह ने निभाई थी अहम भूमिका



**बेधड़क** | जयपुर

नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया को बनने में जहां वर्षों लग गए ,वहीं बांग्लादेश मात्र तेरह दिनों में बनाकर सगत सिंह ने विश्व इतिहास बना डाला। यह कहना था सेवानिवृत्त कर्नल रणविजय सिंह का। सिंह शनिवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर झारखंड महादेव मोड़ स्थित सगत सिंह चौक में मन संचार व यूथ पल्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेन्ट जनरल सगत सिंह 'परम विशिष्ट सेवा मेडल' प्राप्त भारतीय सेना के तीन-सितारा रैंक वाले जनरल थे। उन्होंने गोवा मुक्ति संग्राम और बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने पिता सगत सिंह को याद करते हुए उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया कि 1938 में उन्होंने बीकानेर रियासत की सेना की नौकरी की तथा कुछ समय ईरान में रहे। 1941 में सिंध में अपनी सेवाएं दी। 1945 में उन्हें ब्रिगेड मेजर बनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर लज्जाराम ने कहा कि लड़ाईयां तो सबने लड़ी हैं, परंतु सगत सिंह का विश्व में जो नाम है वैसा किसी का नहीं है। सेवानिवृत कैप्टन अभिषेक सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में सगत सिंह का योगदान अविस्मरणीय हैं। इस अवसर पर कर्नल रणविजय की बेटियां मेघना और संयोगिता भी उपस्थित रहीं।

### पैराशूट ब्रिगेड के कमांडर थे सगत सिंह

रणविजय सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद जब बीकानेर का भारत में विलय हुआ, तब उनके पिता सगत सिंह भारतीय फौज से जुड़ गए। 1950 में उन्हें गोरखा रेजीमेंट में कमीशन किया गया। 1960 तक वो 50वीं पैराशूट ब्रिगेड के कमांडर बन गए। ये भी बड़ी बात है कि ब्रिगेड तब भारतीय सेना की इकलौती पैराशूट ब्रिगेड हुआ करती थी। सगत सिंह ने 1967 के नाथुला दर्रे की रक्षा करते हुए चीन को मुंह तोड़ जवाब दिया था। 1971 में पाकिस्तानी फौज के सरेंडर की जो तस्वीर प्रसिद्ध है, उसमें भी जनरल नियाजी के पीछे खड़े दिखते हैं।

**सेलिब्रेशन** | जयश्री पेड़ीवाल स्कूल के कार्निवल में स्टूडेंट्स ने किया एंजॉय

# विंटर कार्निवल में एंटरटेनमेंट और लर्निंग का फ्यूजन

**बेधड़क** | जयपुर

जयश्री पेड़ीवाल स्कूल के विंटर कार्निवल में स्कूल के बच्चों ने मनोरंजक गतिविधियों को एंजॉय करने के साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट की कई स्किल्स सीखीं। स्कूल का विंटर कार्निवल शनिवार को मानसरोवर में अरावली मार्ग स्थित हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड में शुरू हुआ। यह कार्निवल रविवार तक चलेगा।

कार्निवल में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार की राईड्स, गतिविधियां और प्रतियोगिताएं हैं, जिनका बच्चों और उनके अभिभावकों ने मिलकर आनंद लिया। बच्चों ने ट्रैम्पोलिन, 'टाओ-सूमो रेस्लिंग', 'बंजी रनिंग डोजियर' जम्पिंग, क्रिकेट नेट, बॉडी जोर्बिंग जैसी कई खेल-कूद गतिविधियों के साथ-साथ स्टॉल्स पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। कार्निवल में करीब 150 स्टॉल्स लगाए गए हैं, जिसमें ज्यादातर स्टॉल्स स्कूल के बच्चों ने लगाए हैं। इसके अतिरिक्त, लाईव परफॉर्मेंसेज और म्यूजिक ने भी बच्चों का दिल लुभाया। बॉलीवुड गीतों पर बच्चों ने जमकर डांस किया। जयश्री पेड़ीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह सेलिब्रेशन का सीजन है।

कार्निवल में बच्चों को मौज-मस्ती के साथ सीखते हुए देखना काफी सुखद है। कार्निवल में बच्चों ने अपने स्टॉल्स लगाए हैं, जहां वे व्यवसाय के गुण, उद्यमिता, बिजनेस डेवलपमेंट की तकनीकें और सेल्स के बारे में भी सीख रहे हैं। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।









पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

**शाश्वत सनातन**

*छत्तीसगढ़ के खजुराहो के निकट स्थित भोरम देव देवालय के पास मध्यकालीन शिव मंदिर है, जिसे वर्तमान में 'मड़वा महल' कहा जाता है। इस मंदिर से मिले एक अभिलेख के अनुसार, फणि नागवंशी राजा रामचंद्र देव ने इसे विक्रम संवत 1406 (सन् 1349) में बनवाया था। मंदिर की स्थापत्य कला के साथ-साथ इसमें राजा रामचंद्र देव और उनके वंश के इतिहास की अनमोल जानकारी भी है। मंदिर के बाहरी दीवारों पर यौन क्रीड़ा करते जोड़े दर्शाए गए हैं, जिससे यह छत्तीसगढ़ का एक अनूठा मंदिर बनता है। इसके काल और संरक्षक के नाम पर विवाद है, जिसमें कुछ लोग मंदिर का निर्माण नागा राजा रामचंद्र की पत्नी अंबिकादेवी के द्वारा करवाया गया था।*

# फणि नागवंशी राजा रामचंद्र देव ने बनवाया था एक हजार साल पुराना मड़वा महल

## छत्तीसगढ़ का खजुराहो दूल्हा देव मंदिर



**जयपुर।** छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहे जाने वाले भोरम देव देवालय के पास ही एक मध्य कालीन शिव मंदिर अवस्थित है। वर्तमान में इस मंदिर को मड़वा महल के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर स्थापत्य की अपेक्षा इतिहास की दृष्टि से अधिक महत्त्वपूर्ण है। कारण कि इस मंदिर से एक अभिलेख प्राप्त हुआ है, जिससे फणि नागवंशी राजाओं के प्राचीन इतिहास की दुर्लभ जानकारी प्राप्त होती है। देवालय स्थापत्य की दृष्टि से सामान्य ही है। मंदिर गर्भगृह अंतराल और मंडप में विभक्त है। शिखर पूरी तरह से खंडित है। मण्डप सादे प्रस्तर स्तंभों पर आधारित है। गर्भगृह का प्रवेश द्वार अलंकृत है। द्वार पर शिव, गणेश, परिचारिका आदि का अलंकरण है। गर्भगृह में शिवलिंग प्रतिष्ठापित है। इस शिव मंदिर को मड़वा महल या दूल्हा देव मंदिर कहा जाता है। माना जाता है कि इस मंदिर में विवाह होता था इसलिए इसे मड़वा महल कहा जाता है।

## गर्भगृह की बाहरी दीवारों पर उकेरे हुए जोड़े



मड़वा महल में एक मंडप और एक असामान्य गर्भगृह है, जो मंडप से एक स्तर नीचे है। मंडप में चौकोर आधार, षटकोणीय गर्दन और गोलाकार शीर्ष वाले 16 मजबूत स्तंभ हैं जो गद्देदार शीर्षों पर समर्थित हैं। गद्देदार राजधानियों पर छोटे-छोटे भार ढोने वालों की नक्काशी की गई है। केंद्र में नंदी (शिव का वाहन) विराजमान हैं। ऊपर की छत पर एक कमल पैनल प्रदर्शित है। मंदिर के गर्भगृह के उत्तर, पश्चिम और दक्षिण मुख पर न्यूनतम नक्काशी की गई है। गर्भगृह की बाहरी दीवारों पर संगीत वाद्ययंत्र बजाते हुए चित्र और यौन क्रीड़ा करते जोड़े दर्शाए गए हैं। कामुक जोड़ों के स्थान को दिलचस्प बनाने वाली बात यह है कि यह जंक्शन की दीवारों के बीच या उच्च स्तर पर छिपा नहीं है।

## फणि नागवंशी राजा रामचंद्र देव ने बनवाया था यह मंदिर



इस मंदिर से फणि नागवंशी राजा रामचंद्र देव का विक्रम संवत 1406 सन 1349 का अभिलेख प्राप्त हुआ है। संस्कृत में लिखा यह लेख वर्तमान में महंत घासीदास संग्रहालय रायपुर में प्रतिस्थापित है। इस अभिलेख के अनुसार मड़वा महल मंदिर मूल रूप से रामेश्वर शिव मंदिर है। यह मंदिर फणि नागवंशी राजा रामचंद्र देव ने बनवाया था। इसका वास्तुकार महादेव था जो शिल्प शास्त्र का ज्ञाता था। मंदिर के भोग प्रसाद के लिए राजपुरा ग्राम दान दिया गया था। इस अभिलेख में फणि नागवंशी राजाओं की उत्पत्ति की कथा का उल्लेख है। इसमें अहिराज से लेकर रामचंद्र देव तक राजाओं की वंशावली का भी लेख मिलता है। राजा रामचंद्र की सात रानियों और उसके कई पुत्र-पुत्रियों का नाम भी लेख में आया है। इसमें प्रशस्ति कार का नाम विट्ठल है जो दक्षिण का है। प्रशस्ति के उत्कीर्ण कर्ता का नाम नष्ट हो गया है। मड़वा महल का अभिलेख फणि नागवंशी राजाओं के इतिहास की आधार पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है। मंदिर के बाहरी दीवारों पर कई मिथुन प्रतिमाएं स्थापित है जिसके कारण यह मन्दिर भी खजुराहो के मंदिरो की तरह छत्तीसगढ़ मे अपनी पहचान रखता है। मन्दिर परिसर में कई योद्धा स्मारक, सती स्मारक रखे हुए हैं।



### समय-काल और संरक्षक पर विवाद

*मंदिर का समय-काल और संरक्षक के नाम पर विवाद है। कुछ लोग कहते हैं कि मंदिर का निर्माण 15वीं शताब्दी में स्थानीय नागा राजा रामचंद्र की पत्नी अंबिकादेवी ने कराया था। स्थानीय किंवदंतियों में कहा गया है कि यह मंदिर नागा राजा और हैहया रानी की शादी के स्मारक के रूप में खड़ा है, जिनके नाम ज्ञात नहीं हैं। मंदिर अपने काल निर्धारण और संरक्षक के बारे में एक ऐतिहासिक साक्ष्य प्रकट करता है। मंदिर के एक शिलालेख-जो अब घासीदास संग्रहालय (रायपुर) में है, में 1088 ईस्वी में एक नागा राजा गोपालदेव का उल्लेख है। संभवतः गोपालदेव मड़वा महल के संरक्षक थे। हालांकि, इस संबंध में ठोस निष्कर्ष निकालना असंभव लगता है।*



**कविता**

## भीगता अबोध





गुलाब कुमावत खीमेल
शिक्षक सांचौर

बारिश की बूंदों में
भीगते हुए अबोध को देखकर
कदम मेरे रुक गए
गति मेरी थम गई
पूछा मैंने
तू क्यो भीग रहा है ?
तू क्यों धूझ रहा है?
पड़ जाएगा बीमार
बेटा घर जा
दर्द भरी आवाज में बोला अबोध
कौनसा घर, कैसा घर
न कोई चार दीवारी है
न कोई छत है
है मेरा घर तो यही पथ है
चलते लोग ही मेरा परिवार
हुआ था अनाथ जब
तब सब बोले थे
हम बैठे हैं
आज कोई भी नहीं है साथ
आवाज में दर्द व घबराहट थी।
बारिश की बूंदों के बीच
नयनों से नीर टपकने लगा
नयनों का नीर तो
मिल गया नीर में
कलेजा मेरा चीर के।

**शब्दों की सीख**

# ब्लैंक DP और नाहट का प्रेम...




महेश कुमार केशरी
बोकारो, झारखंड

**गतांक से आगे...**

खैर ! ये किशोरावस्था का प्रेम था। आठवीं में नाहट को ट्यूशन पढ़ने की जरूरत पड़ी। सरकारी स्कूल में भी टीचरों का बैकवर्ड - फारवर्ड वाला ग्रुप था। नाहट ने टीचरों को बच्चों की तरह ग्रुप बनाकर लड़ते देखा था। जो छात्र साइंस वालों के पास नहीं पढ़ता था, उनको मैथ्स और साइंस में नंबर कम मिलने थे। साइंस, मैथ्स और पीटी सर का एक कुनबा था। जो आट्र्स वाले सर थे, उनका नाम हितेष सर था। वो ओबीसी से थे। उनसे ये फारवर्ड ग्रुप जलता था। क्लास के सारे बच्चे हितेष सर के पास ही ज्यादातर ट्यूशन के लिए जाते। फारवर्ड तिगड़ी को ये बात अखरती थी। कारण की हितेश सर एक तो ओबीसी से थे। दूसरे वो आट्र्स के टीचर थे। बावजूद इसके ज्यादातर छात्र उनसे ही कोचिंग लेते थे। यह बात इस तिकड़ी को चुभती थी। हितेश सर इंग्लिश ग्रामर की किताब भी स्कूल में बेचते थे। स्कूल में ही एक लकड़ी की अलमारी थी। हितेश सर ताली में बंद कर किताबों को रखते थे। वहीं से निकालकर वो ग्रामर की किताबें बेचते थे। खैर; हितेष सर की मैथ्स और इंगलिश और भूगोल सब चीज बढ़िया थी। नाहट ने ईर्ष्या और द्वेष उस स्कूल के टीचरों में साफ-साफ देखा था। मुदित सर गणित के शिक्षक थे, और वो भी फारवर्ड थे।

अब लीला की बात पर आता हूं। हमारा स्टैंडर्ड बढ़ने लगा था। हम और दूसरी वाली लीला जिसको डिंपल नहीं पड़ते थे, दोनों साथ-साथ हाई स्कूल तक गए। नाहट को लगता है कि दुनिया में कुत्तों से वफादार कोई नहीं होता है। वहीं, लड़कियों से गद्दार कोई नहीं होता है। हाई स्कूल पहुंचने के बाद लीला का व्यहवार नाहट के प्रति बहुत रूखा-रूखा हो गया था। दूसरी वाली लीला बहुत बदल गई थी। इस स्कूल में को-एजुकेशन जैसी ही व्यवस्था थी, लेकिन लड़कियां ऊपर वाले माले पर रहती थी और लड़कों की नीचे के कमरों में कक्षायें लगती थीं। अब लीला अपने सहेलियों के साथ आती-जाती थी। नाहट से कभी भूले से भी बात नहीं करती थी। नाहट साफ दिल का था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि लीला आखिर इतना क्यों बदलती जा रही है। सब लड़कियां ही ऐसी होतीं हैं। इनकी कोई थाह नहीं होती है। हाल की बात है। उसके ससुराल में



दो सालियां थीं। दोनों से नाहट के अच्छे संबध थे, लेकिन एक दिन उसे पता चला कि दोनों सालियों ने उसे फेसबुक पर ब्लॉक कर रखा है। नाहट आज भी लीला के इस तरह के व्यहवार से दुःखी था और अपनी दोनों सालियों से भी। जब किसी को किसी बात की सजा मिलती है तो उसे उस सजा का कारण भी बताया जाता है। अब ये क्या बात हुई कि कोई आपका खास हितैषी जो आपसे लगातार बात कर रहा हो, अचानक से आपसे बात करना ही बंद कर दे। इसलिए भी नाहट को लगता है कि दुनिया में सबसे बेवफा जो चीज है या कोई बहुत बुरी शै है तो वो औरत ही है। इसलिए भी नाहट को औरतों से नफरत है।

उन्हीं दिनों की एक घटना है। नाहट छठी कक्षा में पढ़ता था। उसके कुछ दोस्त थे अमरीश, दानिश, जुबैर और बिंद्रा। छठी कक्षा में कुछ लड़कियों की कहासुनी इन लड़कों से हो गई थी। नाहट के स्कूल के पास एक बहुत पुराना जंगल था। इतना पुराना और घुमावदार जंगल कि उसमें कई लोग जाकर गुम हो गए थे। खैर, इस जंगल में रात की कौन कहे। दिन में भी लोग जाने से डरते थे। पहले स्कूल था। उसके बाद एक नदी पड़ती थी और उसके बाद वो जंगल था। उसी जंगल से अल कुस्सी (एक तरह का खुजली फैलाने वाला जंगली पत्ता) मिलती थी, उसके शरीर पर लगने से ही आदमी बहुत जोर-जोर से हाथ-पैर खुजाने लगता था। इसको ठीक करने का बस एक ही उपाय था कि अल कुस्सी वाली जगह पर गाय या भैंस का गोबर लगाया जाए। नाहट, जुबैर,दानिश और अमरीश के सहयोग से जंगल से तोड़कर प्लास्टिक में लाया था। इसकी प्लानिंग एक सप्ताह पहले ही बना ली गई थी। कौन अल कुस्सी लेकर आएगा और कौन इसे बैंच पर छांटेगा। इन लड़कियों ने मेघलाल सर से जानबूझकर शिकायत करके उनको पिटवाया था और इसका बदला लेना लड़कों के लिए उनके साख की बात हो गई थी। छठी कक्षा की बैंच पर नाहट के दोस्तों ने मिलकर अल कुस्सी छिड़क दिया था। फिर जो हंगामा स्कूल में हुआ था, वो देखते ही बनता था। सारी लड़कियां अपना पूरा बदन खुजा-खुजा कर परेशान थीं। परेशानी इतनी बढ़ गई कि खुजाते-खुजाते शरीर लालम-लाल हो गया था। यह बात मेघलाल सर को पता चली वे अजगर की तरह लड़कों पर फुंफकारने लगे थे। लाल पीला होने लगे थे। उनका शरीर गुस्से से कांपने लगा था । उन्होंने बेहया का मोटा-मोटा दो-तीन डंडा तिवारी से मंगवाया और नाहट, अमरीश, जुबैर तथा बिंद्रा की जमकर धुनाई कर दी।

नाहट और दूसरे साथियों के हाथ-पांव जगह-जगह से फूल गये थे। वो लोग घर में आखिर क्या बताते कि किसलिए मार खाई है। बताने का तो सवाल ही नहीं उठता था। संदीप तिवारी क्लास का मॉनीटर था। वो चुन-चुनकर बेहया के डंडे लेकर आता। मेघलाल सर पांच कहते, वो सात-आठ लेकर आता। सारे डंडे हमारे दोस्तों पर पड़ते। इसके कारण भी संदीप हमारा खासा बड़ा दुश्मन बन गया था। वो क्लास में मेघलाल सर का चहेता था। वो नाजनीन, देवकी, माला के बीच का एक अकेला कृष्ण था। लेकिन, अब वो हमारे टारगेट पर रहने लगा था। हम लोगों की अव्वल तो इन लड़कियों से दुश्मनी थी। संदीप तो खैर दूसरे नंबर पर था।

हमारी उम्र छोटी तो जरूर थी, लेकिन हमारे मंसूबे बहुत बड़े-बड़े थे। मेघलाल सर और पीटी सर और साइंस टीचर इन तीनों को पीटने का हम लोग रोज रोज प्लान बनाते रहते। नाहट को तैरना नहीं आता था, लेकिन तीसरी-चौथी क्लास से वो स्कूल से बंक मारना सीख गया था। उसके स्कूल से लगभग दो किलोमीटर दूरी पर एक जंगल था। लगभग एक किलोमीटर पर एक नदी थी। नदी बहुत गहरी तो नहीं थी, लेकिनइतनी गहरी तो थी ही कि उसमें कोई डूब जाए। मखमूर, नाहट का बहुत अच्छा दोस्त था। वो गर्मियों की एक सुबह थी जब नाहट और मखमूर नदी में स्कूल से बंक मारकर नहा रहे थे। नाहट को तैरना नहीं आता था। लिहाजा वो डूबने लगा था। तब छपाक से मखमूर ने तैरकर नाहट को बचा लिया था। आज भी जब दोनों दोस्त मिलते हैं तो उस डूबने वाली घटना और मखमूर के बचाने वाली बात नाहट को हंसाती है। नाहट, मखमूर, जुबैद, अमरीश, दानिश और बिंद्रा इन लोगों का एक ग्रुप था। चौथी-पांचवी कक्षा में । उन दिनों नाहट और उसके दोस्त लड़कियों को इंप्रेस करने के लिए तंबाकू खाते थे। अपनी क्रश लड़कियों के मुंह पर सिगरेट के छल्ले उडाते थे। नाहट की सोच थी कि सिगरेट पीने से लड़कियां इंप्रेस होती हैं। यह उन्हीं दिनों की बात है। उन दिनों बैगी पैंट का चलन हुआ करता था, जो आजकल की महिलाओं का प्लाजो सरीखा पैंट हुआ करता है। कुछ-कुछ वैसा ही। बालों को बड़ा-बड़ा रखने का चलन था। नाहट और मखमूर लंबे-लंबे बाल रखते थे। चौदह साल की उम्र में ही मखमूर अपने बाप की मोटर साइकिल चलाकर ले आता था । उस समय उसके बाप ने नयी-नयी गाड़ी खरीदी थी। वो उसी बाइक से फिल्म देखने चले जाते थे।

**क्रमशः...**

### कांग्रेस ने गुजरात में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर किया मंथन

# संगठन को करेंगे मजबूत, सकारात्मक एजेंडे के साथ बढ़ेंगे आगे: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को पार्टी की गुजरात इकाई की राजनीतिक मामलों की समिति में शामिल नेताओं के साथ बैठक की। खरगे ने कहा कि आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए पार्टी गुजरात में अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करेगी। इसके लिए वह सकारात्मक एजेंडे के साथ आगे बढ़ेंगे। बैठक में गुजरात में पार्टी को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। इसके साथ ही लोगों के सामने भाजपा के कुशासन को उजागर करने के तरीकों पर भी चर्चा की गई।

यह बैठक हर राज्य में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए आयोजित बैठकों की श्रृंखला का हिस्सा था। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, गुजरात में निरंतर भाजपा सरकार के कुशासन की वजह से मुद्दे वही हैं - बेरोज़गारी, महंगाई, आर्थिक असमानता,



दलितों-अदिवासियों के ख़िलाफ़ अत्याचार और अपार भ्रष्टाचार। 2024 के लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में शनिवार को गुजरात प्रदेश कांग्रेस की तैयारियों पर हमने मिलकर विचार-विमर्श किया।

### ये मौजूद थे बैठक में

बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल और कई अन्य नेता शामिल हुए।

### भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा: वासनिक

बैठक के बाद वासनिक ने संवाददाताओं से कहा, इस बैठक में हमने भविष्य की चुनौतियों के लिए कांग्रेस की तैयारियों पर गहन चर्चा की। हम गुजरात में कांग्रेस के संगठन को कैसे मजबूत कर सकते हैं, बैठक में इस विषय पर विचार-विमर्श किया गया है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, बैठक में हमारे सभी साथियों ने अपने सुझाव व अनुभव साझा किए। कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर आने वाले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

### जम्मू कश्मीर: कांग्रेस की राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग, प्रस्ताव पारित

**जम्मू।** कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई ने शनिवार को अपनी कार्यकारिणी समिति की बैठक में इस केंद्रशासित प्रदेश का राज्य का दर्जा बहाल करने तथा विधानसभा चुनाव कराने की मांग करते हुए दो प्रस्ताव पारित किए। पार्टी की जम्मू कश्मीर मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल की मौजूदगी में ये प्रस्ताव पारित किए गए।

### लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा: सिद्धू

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने शनिवार को कहा कि वह 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू आम चुनाव लड़ेंगी या नहीं। सिद्धू साल 2022 के विधानसभा चुनाव में अमृतसर पूर्व सीट से हार गए थे।

### राघव चड्ढा राज्यसभा में आप के नेता नियुक्त



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने सांसद राघव चड्ढा को संजय सिंह के स्थान पर राज्यसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया है। राज्यसभा सभापति को लिखे पत्र में आप पार्टी के नेतृत्व ने कहा है कि संजय सिंह की अनुपस्थिति में, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, राघव चड्ढा अब से उच्च सदन में पार्टी के नेता होंगे। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में फिलहाल जेल में हैं। राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने पुष्टि की कि चड्ढा को सदन का नेता नियुक्त करने के संबंध में आप की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है। चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में से एक हैं। वर्तमान में उच्च सदन में आप के कुल 10 सदस्य हैं।

### तेलंगाना: केसीआर होंगे असेंबली में नेता प्रतिपक्ष



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को शनिवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता दी गई। तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने सदन में यह घोषणा की। अध्यक्ष ने कहा,भारत राष्ट्र समिति विधानसभा में 39 सदस्यों के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है और इसके नेता एवं विधायक के.चंद्रशेखर राव को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता दी जाती है। कांग्रेस ने हाल में हुए विधानसभा चुनाव में 119 सीटों में से 64 सीटें जीतकर राज्य में सरकार बनाई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा: पीएम मोदी का लाभार्थियों से संवाद

# जब सभी उम्मीदें हो जाती हैं खत्म तब शुरू होती है 'मोदी की गारंटी'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत को विकसित देश बनाने के लिहाज से छोटे शहरों के विकास को अहम बताते हुए कहा कि जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब 'मोदी की गारंटी' शुरू होती है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के उनके संकल्प के केंद्र में छोटे शहरों का विकास है। पीएम मोदी ने 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

ज्ञात हो कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य प्रमुख सरकारी योजनाओं को हर लाभार्थी तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत के संकल्प के साथ 'मोदी की गारंटी गाड़ी' देश के हर कोने तक पहुंच रही है। एक महीने में विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों और शहरों तक पहुंच गई जिन्में ज्यादातर छोटे कस्बे हैं।

उनकी सरकार एक परिवार के सदस्य की तरह हर किसी की समस्याओं को कम करने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा, यह हमारी सरकार है जिसने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है।






### अब जनता बनी है वीआईपी

इससे पहले कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अब हर किसी का काम तेजी से होता है क्योंकि देश की जनता पीएम मोदी के लिए वीआईपी बन गई है। कार्यक्रम में देशभर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### योजनाओं से मिले लाभ बताए

पीएम मोदी ने असम के गुवाहाटी की कल्याणी राजबोंगशी नाम की लाभार्थी से बात की। उन्होंने पीएम मोदी को बताया कि कैसे उन्होंने एक स्वयं सहायता समूह बनाया है, जिससे अन्य महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश की कुशला देवी नामक एक अन्य लाभार्थी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए कहा कि देश की आत्मनिर्भर महिलाएं न केवल अपना भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी वरदान बन रही हैं।

### छोटे शहरों के विकास पर ध्यान

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था, लेकिन उनकी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। उन्होंने सभी से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, भले ही मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखा दी है, लेकिन सच्चाई यह है कि आज यात्रा की कमान देशवासियों ने अपने हाथ में ले ली है। जिस स्थान पर यात्रा रुकती है, वहां दूसरे गांवों या शहरों के लोग यात्रा का नेतृत्व करने लगते हैं।

### राजस्थान समेत पांच राज्यों में किया यात्रा को रवाना

मोदी ने पांच राज्यों - राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम - में विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह यात्रा अन्य राज्यों में पहले ही शुरू हो गई थी, लेकिन इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की वजह से लागू आदर्श आचार संहिता के कारण इसकी शुरुआत में देरी हुई। मोदी ने विभिन्न राज्यों के उन लाभार्थियों से बातचीत भी की जिन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया है।

### म्यांमार से आए शरणार्थियों पर बोले सीएम

# विदेशियों को अवैध गांव बसाने की इजाजत नहीं: बीरेन

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि मानवीय आधार पर मांगने वालों को आश्रय देने से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन विदेशियों को राज्य में घुसपैठ करने और अवैध गांव बसाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। सिंह ने कहा कि प्रशासन को उन लोगों का बायोमेट्रिक विवरण एकत्र करने की जरूरत है जिन्होंने म्यांमार से भागकर कामजोंग जिले में शरण ली है। सिंह ने 1971 में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा, हम मानवीय आधार पर आश्रय देने से इनकार नहीं कर सकते। एकमात्र चीज यह है कि उनके बायोमेट्रिक विवरण लिए जाएं और उन्हें अस्थायी रूप से आश्रय प्रदान किया जाए। मणिपुर में घुसपैठ न करें और अवैध गांव न बसाएं।हम उन्हें भोजन, दवाएं और रहने के लिए तंबू मुहैया करा रहे हैं।



### मणिपुर-म्यांमार के बीच लंबी सीमा

मणिपुर, म्यांमार के साथ 398 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से पूर्वोत्तर राज्य में आने वाले अधिकांश लोग चिन समुदाय के हैं, जो मणिपुर के कुकी के साथ जातीय संबंध साझा करते हैं। सिंह ने पिछले छह महीनों में राज्य में शांति लाने में केंद्र और राज्य सरकारों के सुरक्षा बलों के समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की।

### म्यांमार से 2060 लोग आए

एक अधिकारी ने कहा कि नवंबर में पड़ोसी देश में सेना और कथित उग्रवादियों के बीच फिर से हिंसा भड़कने के बाद म्यांमार से लगभग 2060 लोग सीमावर्ती जिले कामजोंग में पांच स्थानों पर पहुंच गए हैं।

### अभिनंदन समारोह में बोले: भाजपा अध्यक्ष नड्डा

# झूठ से नहीं, काम से मिलता है वोट

**एजेंसी** | शिमला

भाजपा के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि समय बदल गया है और रिपोर्ट कार्ड बोलता है। झूठ से वोट नहीं मिलता बल्कि काम से वोट मिलता है। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में भाजपा द्वारा आयोजित एक अभिनंदन समारोह में उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अपने किए वादों को पूरा किया बल्कि उन्होंने जो वादे नहीं भी किए थे, उन्हें भी पूरा किया। लोगों को उनकी गारंटी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट पाने के लिए झूठ का सहारा लेती



है जबकि भाजपा देश के लोगों के कल्याण के लिए काम करती है, इसलिए वह चुनी जाती है। नड्डा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को 3,378 करोड़ रुपए दिए हैं और कहा कि प्रधानमंत्री राज्य को अपना दूसरा घर मानते हैं और यहां के लोगों की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की एक ही गारंटी है कि गारंटी पूरी नहीं होगी।

### मैं BJP महासचिव अब भी बड़ी भूमिका में: विजयवर्गीय

**इंदौर।** भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में वह अब भी बड़ी भूमिका में हैं। विजयवर्गीय ने यह बात ऐसे वक्त कही, जब डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री पद की कमान संभालने के बाद मध्यप्रदेश की राजनीति में विजयवर्गीय और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं की आगामी भूमिका को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं। विजयवर्गीय को भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में गिन रहे थे। विजयवर्गीय ने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन पर पार्टी की 17 दिसंबर को एक बैठक में निर्णय हो जाएगा।

### अहमदाबाद दौरे पर गृह मंत्री



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अहमदाबाद के बाहरी इलाके में लोगों से मुलाकत करते हुए। शाह ने आणंद में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी भाग लिया।

### मध्यप्रदेश: कांग्रेस ने हार के बाद किया बड़ा बदलाव

# कमलनाथ को हटाया, जीतू पटवारी को मिली प्रदेश कांग्रेस की कमान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने हालिया विधानसभा चुनाव में हार के बाद अपनी मध्य प्रदेश इकाई में बड़ा बदलाव करते हुए शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के स्थान पर पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के तेज-तर्रार युवा नेता पटवारी इस बार के विधानसभा चुनाव में राऊ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए थे।

इसके बावजूद पार्टी ने मध्य प्रदेश में उन पर विश्वास जताया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार जीतू पटवारी को आलाकमान और दिग्विजय सिंह के करीब होने का



फायदा मिला है। राज्य में कांग्रेस की करारी हार के बाद से ही प्रदेश अध्यक्ष के बदलाव की बात कही जा रही थी राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 230 सदस्यीय सदन में 163 सीट जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी है। वहीं, कांग्रेस सिर्फ 66 सीट ही जीत सकी। गत



तीन दिसंबर को घोषित चुनाव नतीजों में करारी हार के बाद पार्टी नेतृत्व ने कमलनाथ को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने को कहा था। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पांच वर्षों से अधिक समय से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे थे। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में पटवारी की नियुक्ति का उल्लेख करने के साथ कहा गया है, पार्टी कमलनाथ के योगदान की सराहना करती है।

### उमंग सिंधार विधायक दल के नेता, कटारे उपनेता

आदिवासी नेता और पूर्व मंत्री उमंग सिंघार को मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल का नेता और हेमंत कटारे को उपनेता नियुक्त किया गया है। कटारे ब्राह्मण वर्ग से आते हैं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने इन नियुक्तियों के माध्यम से अब कमलनाथ और दिग्विजय सिंह से इतर नया नेतृत्व खड़ा करने का संकेत दिया है।

### आदिवासियों को साधने का प्रयास, मालवा पर फोकस

सिंधार का नाम काफी समय से चर्चा में था। उन्हें जिम्मेदारी देकर कांग्रेस ने आदिवासियों को भी साधा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इन नियुक्तियों से पता चलता है कि कांग्रेस का अब भी मालवा निमाड़ पर फोकस है। जीतू पटवारी और उमंग सिंघार दोनों यहीं से आते हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने भी मालवा के उज्जैन से मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया है। उसके जवाब में कांग्रेस ने भी मालवा से ही युवा नेता जीतू पटवारी को कमान सौंपी।


### छत्तीसगढ़: चरणदास महंत होंगे विधायक दल के नेता



कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में चरणदास महंत को विधायक दल का नेता नियुक्त किया है। वह पिछली विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष थे। वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को पद पर बनाए रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों की बुधवार को हुई एक बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसके मुताबिक विधायकों ने राज्य में विधायक दल के नेता के चुनाव का अधिकार पार्टी अध्यक्ष खरगे को दिया था।

## जरूरी खबर

### अपहृत जहाज के बचाव में पहुंची भारतीय नौसेना



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने शनिवार को कहा कि उसने अरब सागर में माल्टा के जहाज के अपहरण से जुड़ी घटना में तेजी से प्रतिक्रिया दी। इस जहाज पर चालक दल के 18 सदस्य सवार हैं। नौसेना ने जहाज एम वी रुएन की ओर से सहायता मांगे जाने पर इलाके में मौजूद अपने समुद्री गश्ती विमान और अदन की खाड़ी में तैनात युद्धपोत को भेजा। अधिकारियों को अपहरण की कोशिश की सूचना गुरुवार को मिली और भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को घटनास्थल पर अपने मिशन को भेजा। विमान ने अपहरण किए गए जहाज के ऊपर उड़ान भरी और वह जहाज की गतिविधि की लगातार निगरानी कर रही है।

### पीएम आज काशी तमिल संगमम का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के नमो घाट पर रविवार को काशी तमिल संगमम के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे और कन्याकुमारी व वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। सांस्कृतिक उत्सव 17 से 30 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। तमिल प्रतिनिधिमंडल का पहला समूह 15 दिसंबर को चेन्नई से रवाना हुआ है। तमिलनाडु के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 1,400 लोग यात्रा करेंगे।

### केरल: कोविड-19 के वेरियंट जेएन.1 का केस मिला

**नई दिल्ली।** केरल में आठ दिसंबर को कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन.1 का एक मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 79 वर्षीय महिला के नमूना की 18 नवंबर को आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जो संक्रमित पाया गया। महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों (आईएलआई) के हल्के लक्षण थे और वह कोविड-19 से उबर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि देश में कोविड-19 के वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक मामले गंभीर नहीं हैं और संक्रमित लोग अपने घरों में ही पृथक-वास में रह रहे हैं। इससे पहले, सिंगापुर में एक भारतीय यात्री में जेएन.1 संक्रमण का पता चला था।

## वर्ष 1971 के युद्ध के शहीदों को देशवासियों ने किया नमन



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देशवासियों ने वर्ष 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी युद्ध से दक्षिण एशिया का राजनीतिक मानचित्र बदल गया और लाखों बांग्लादेशी लोगों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई हिंसा का अंत हुआ था। 16 दिसंबर, 1971 को 90,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बाद युद्ध में शानदार जीत से बांग्लादेश का एक स्वतंत्र देश के रूप में जन्म हुआ था। भारत 16 दिसंबर को 'विजय दिवस' के रूप में मनाता है। चित्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर.हरिकुमार और वायु सेना के उपाध्यक्ष एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।*

## भारतीय महिला टीम की इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत



**नवी मुंबई।** अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने लगातार दूसरे दिन गेंदबाजी में कमाल दिखाया जिससे भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को तीसरे दिन ही रिकॉर्ड 347 रन से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी शुक्रवार के स्कोर 6 विकेट पर 186 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने 479 रन का असंभव लक्ष्य रखा। ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (32 रन देकर 4 विकेट) और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (23 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके इंग्लैंड को 131 रन पर ढेर कर दिया।

### संसद की सुरक्षा में चूक: पुलिस आरोपी झा को नागौर लेकर जाएगी

# नागौर से पकड़ा छठा आरोपी कुमावत साजिश में था शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने खुलासा किया है कि उन्होंने लोकसभा के कक्ष में कूदकर धुआं उड़ाने की योजना पर सहमति बनाने से पहले स्वयं को आग लगाने और पर्चे बांटने जैसे विकल्पों पर भी विचार किया था। इस बीच इस मामले में छठी गिरफ्तारी-राजस्थान के नागौर से महेश कुमावत की हुई है, जो कथित तौर पर साजिश रचने के लिए पिछले दो वर्षों से अन्य आरोपियों के संपर्क में था और सबूत मिटाने के लिए उनके मोबाइल फोन नष्ट कर दिए थे। दिल्ली की एक अदालत ने कुमावत को शनिवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।



### कुमावत का अन्य आरोपियों से कराया जाएगा आमना-सामना

सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुमावत का आमना-सामना अन्य आरोपियों से कराया जाएगा। शनिवार को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने संसद के अंदर और बाहर के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए। पुलिस झा को जल्द ही राजस्थान के नागौर ले जाएगी जहां वह भागने के बाद बुधवार को ठहरा था। उसे उस स्थान पर ले जाया जाएगा, जहां उसने अपना एवं अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन नष्ट करने का दावा किया है।

### दो साल से था आरोपियों के संपर्क में

सूत्रों ने आरोप लगाया कि कुमावत संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की साजिश का हिस्सा था, जहां उसे 'केन' के साथ दूसरे गेट पर खड़ा होना था, लेकिन वह घटना के दिन 13 दिसंबर को नहीं आ सका। अभियोजक ने कहा, वह (कुमावत) पिछले दो वर्षों से साजिश रचने में अन्य आरोपी व्यक्तियों के संपर्क में था। पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए कुमावत से पूछताछ जरूरी है। सूत्रों ने बताया कि जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ा है, पुलिस टीम 13 दिसंबर की घटना की आगे की जांच के लिए आरोपियों के राज्यों के लिए रवाना हो गई हैं।

### बिरला ने जांच के लिए गठित की समिति

इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सदन के सदस्यों को सूचित किया कि उन्होंने संसद परिसर में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। उन्होंने कहा कि समिति यह सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार करेगी कि 13 दिसंबर जैसी घटनाएं दोबारा न हों। यह समिति केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशक की अध्यक्षता वाले पैनल के अतिरिक्त है, जो घटना की जांच कर रहा है।

### सुरक्षा बलों की स्थिति पर नजर

## देश में सीमा पार से घुसपैठ की फिराक में 300 आतंकवादी

एजेंसी | श्रीनगर

नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित लॉन्च पैड पर लगभग 250 से 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। सुरक्षा बल सतर्क हैं और सीमा पार से किसी भी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर देंगे।

बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने पुलवामा में संवाददाताओं से कहा, 'खुफिया जानकारी मिली है कि 250-300 आतंकवादी लॉन्च पैड पर घुसपैठ का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हम और सेना सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर रख रही है और हम सतर्क हैं। हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों और कश्मीर के लोगों के बीच जुड़ाव बढ़ा है।



### आतंकवाद खत्म होने में लगेगा कुछ समय

इस बीच जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि घाटी में आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कुछ और वक्त लगेगा। पीटीआई की 'वीडियो सेवा' को दिए एक साक्षात्कार में स्वैन ने यह भी कहा कि इस साल स्थानीय आतंकवादियों की संख्या में भारी कमी आई है। इस साल स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 20 से भी कम दर्ज की गई जबकि 2022 में यह संख्या 100 थी।

### राहुल ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा...

## संसद की सुरक्षा में चूक के पीछे देश में बेरोजगारी और महंगाई

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक की घटना के पीछे का कारण बेरोजगारी और महंगाई हैं। राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, सुरक्षा में चूक हुई है, लेकिन यह क्यों हुई? सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है, जिसे लेकर पूरे देश में उबाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार नहीं मिल



रहा है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, नौकरियां कहां हैं? युवा हताश हैं - हमें इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है, युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक जरूर हुई है, मगर इसके पीछे का कारण देश का सबसे बड़ा मुद्दा - बेरोज़गारी है।

### यह गंभीर मसला: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक एक गंभीर मामला है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। गृह मंत्री संसद में आना ही नहीं चाहते। गृह मंत्री के पास टीवी शो में जाकर घंटों बैठने का समय है, लेकिन स संसद आने के लिए पांच मिनट का समय भी नहीं है।

## चार लोगों की हत्या के आरोपी को जमानत नहीं

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने इस साल जुलाई में चलती ट्रेन में अपने वरिष्ठ सहयोगी और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में बर्खास्त किए गए आपीएफ के कांस्टेबल चेतन सिंह को शनिवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि अपराध के समय आरोपी होशो-हवास में था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (ढिंढोसी अदालत) ए जेड खान ने कहा कि चेतन ने न केवल अपने वरिष्ठ की, बल्कि एक खास समुदाय के तीन अन्य को खास तौर पर निशाना बनाते हुए उन्हें मार डाला।

## चेन्नई में संतों को प्रणाम करते रक्षा मंत्री



*चेन्नई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'थिरुमुराई थिरुविझा' धार्मिक उत्सव के दौरान संतों को प्रणाम करते हुए। मदुरै की देवी मीनाक्षी और भगवान सुंदरेश्वर के दिव्य विवाह के अवसर पर इस एक दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जाता है।*

### ओमान के सुल्तान की पीएम मोदी से वार्ता

# भारत-ओमान के संबंध होंगे मजबूत, दृष्टि पत्र तैयार

■ फिलिस्तीन मुद्दे पर दो-राष्ट्र समाधान के प्रयास पर चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने शनिवार को लगभग 10 प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के लिए एक दृष्टि पत्र तैयार किया और अपनी सार्थक बातचीत के दौरान जल्द से जल्द एक व्यापार समझौते को संपन्न करने पर जोर दिया। मोदी और तारिक ने हमास-इजराइल संघर्ष से उत्पन्न स्थिति और आतंकवाद



की चुनौती के अलावा आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में फलिस्तीन मुद्दे पर दो-राष्ट्र समाधान के प्रयास को लेकर भी चर्चा की। प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने मोदी और तारिक के बीच हुई चर्चा को व्यापक और रचनात्मक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री

### इन बिंदुओं पर तैयार हुआ दृष्टि पत्र

- समुद्री क्षेत्र, कनेक्टिविटी, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य, पर्यटन और कृषि और खाद्य सुरक्षा।

मोदी और ओमान के सुल्तान ने समुद्री क्षेत्र, कनेक्टिविटी, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य, पर्यटन और कृषि और खाद्य सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक संयुक्त दृष्टि पत्र को अंतिम रूप दिया।

### ओमान में हिंदी पीठ की होगी स्थापना

विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि भारत और ओमान ने सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय अपराधों से निपटने, संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग और ओमान में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की हिंदी पीठ की स्थापना के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।

### भारत-ओमान कोष की तीसरी किस्त जारी

दोनों पक्षों ने 30 करोड़ डॉलर (करीब 2,500 करोड़ रुपए) के ओमान-भारत संयुक्त निवेश कोष की तीसरी किस्त की भी घोषणा की, जिसका इस्तेमाल भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। निवेश कोष को एसबीआई और ओमान निवेश प्राधिकरण के बीच 50:50 संयुक्त उपक्रम के रूप में शुरू किया गया था, जिसमें पहली किस्त 10 करोड़ डॉलर और दूसरी किस्त 20 करोड़ डॉलर की थी।

### हर कानूनी मामला होता है अलग-अलग

## कई बार न्यायाधीश भी गलतियां करते हैं: देशपांडे

एजेंसी | पणजी

बुंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भरत पी. देशपांडे ने शनिवार को गोवा में कहा कि कई बार न्यायाधीश भी गलतियां करते हैं। उन्होंने कहा कि हरेक कानूनी मामला अलग होता है तथा उसकी दूसरे मौजूदा या पूर्व मामलों से तुलना नहीं की जा सकती है। 'जी आर करे कॉलेज ऑफ लॉ', मडगांव में 'जीआरके- ज्यूडिश्यरी टॉक' व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए न्यायाधीश देशपांडे ने कहा कि हर विषय पर कई सारे फैसले होते हैं। उन्होंने कहा, सत्र न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में मेरा अनुभव यह है कि हर मामला अपने आप में कुछ अलग होता है। आप हर मामले या पहले के मामलों की मौजूदा मामलों से तुलना नहीं कर सकते। हम न्यायाधीश के रूप में यह दावा नहीं करते हैं कि हम हमेशा सही होते हैं। हम भी कई बार गलतियां करते हैं। सच तो यह है कि यह स्वीकार करने में स्पष्टता होनी चाहिए कि गलती हुई है। हर कोई कभी न कभी गलती करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि आप अपनी गलतियां स्वीकार करें, उन्हें सुधारने की कोशिश करें और आगे बढ़ें। यह जीवन का हिस्सा है, जिसे हम अपने समाज में ही शामिल करने का प्रयास करते हैं।

## रंग महोत्सव: सात दिन तक कला प्रेमियों ने उठाया आनंद

# संस्कृति के रंगों से सराबोर जयरंगम विदा

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी में रंगमंच, कला व संस्कृति के रंग 7 दिनों तक देखने को मिले और इन दिनों में कला प्रेमियों ने खुब आनंद लिया। जब ये सिलसिला पूरा हुआ तो दर्शक यादों को लेकर कार्यक्रम स्थल से निकले और कलाकारों व आयोजकों से फिर मिलने का वादा लिया। मौका था श्री एम डॉट बैंड थिएटर फैमिली सोसायटी की ओर से आयोजित 12वें जयपुर रंग महोत्सव (जयरंगम-2023) के समापन का, जिसमें आखिरी दिन कई आयोजन हुए। कला एवं संस्कृति विभाग और जवाहर कला केन्द्र के सहयोग से हुए जयरंगम ने सात दिन तक कला प्रेमियों को रंगमंच, कला एवं संस्कृति के सतरंगी रंगों से सराबोर किया। अंतिम दिन अभिनेता और निर्देशक मकरंद देशपांडे के नाटक 'सर सर सरला' समेत दो नाटकों ने दर्शकों मनोरंजन किया।

वहीं, शाहरुख चावड़ा निर्देशित फिल्म 'कायो-कायो कलर' की स्क्रीनिंग हुई। जयरंगम की प्रोग्रामर मन गेरा ने कहा कि जयरंगम आगामी सत्रों में ऐसे ही नए नाटकों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कला प्रेमियों को रूबरू कराता रहेगा। राजस्थान में पहली बार 'कायो कायो कलर' की स्क्रीनिंग की गई है। फिल्म पारिवारिक नोकझोंक और रोजमर्रा के संघर्षों पर है। अहमदाबाद के पास स्थित कालूपुर में रहने वाले मुस्लिम परिवार की कहानी है। रज्जाक जिसकी नौकरी चली गई है वह अब ऑटो खरीदना चाहता है। 15 हजार जुटाने में भी उसे काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। फिल्म ने धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, इंटरनेशनल फिल्म महोत्सव रॉटरडैम-2023, मेलबर्न इंटरनेशनल फिल्म महोत्सव-2023, जियो मुंबई फिल्म फेस्टिवल (मामी फेस्टिवल)-2023 में जगह बनाई है। इसे 71वें मेलबर्न इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया।



फोटो: पंकज शर्मा



### गर्भपात का दंश झेलने वाली महिलाओं की पीड़ा झलकी

कृष्णायन में नयन साधक और गौरव दास निर्देशित नाटक 'लेटर्स टू अनबॉर्न चिल्ड्रन ऑफ फातिमा जहान' के मंचन के साथ शुरुआत हुई। नाटक अपने अजन्मे बच्चों से मां के संवादों की भावनाओं को मंच पर साकार करता है। कहानी फातिमा की है, जो अकरम से प्रेम करती है। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती है। भोलेपन का फायदा उठाकर अकरम मुंबई में फातिमा का सौदा कर देता है। यहां फातिमा का गर्भपात करवा दिया जाता है। बच्चे को खोने पर उपजी पीड़ा को फातिमा खुदा से बयां करती है। इसके बाद जिंदगी करवट लेती है, फातिमा अंडरवर्ल्ड से ताल्लुक रखने वाले फिरोज के संपर्क में आती है। पुलिस जब फिरोज पर शिकंजा कसती है तो फातिमा तक भी कानून का हाथ पहुंचता है और बचने की जद्दोजहद में वह फिर अपने बच्चे को खो देती है। फातिमा आगे बढ़ती है और हरिमाधव के साथ नई जिंदगी शुरू करती है।

## संतूर से निकली राग जोग ध्वनि ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**बेधड़क. जयपुर।** कलाकारों ने संतूर पर राग जोग में जोड़ आलाप, तान और झाला बजाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौका था नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में युवा कलाकार नसरुद्दीन खान के संतूर पर अपनी उंगलियों का ऐसा जादू चलाने का। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि कलाकार ने संतूर पर राग जोग में जोड़ आलाप, तान और झाला बजाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने सर्द मौसम में जब संतूर पर सप्तक के तार छेड़े तो मौसम में गर्माहट के एहसास के साथ उनकी उंगलियों का जादू चलता गया। कलाकार के साथ तबले पर युवा तबला वादक नरेंद्र सिंह व सोहेल वारसी ने सुरीली संगत से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज स्वामी ने किया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी और गुलाम फरीद ने किया तो प्रकाश व्यवस्था सागर गढ़वाल, कैमरा मनोज स्वामी, मंच सज्जा मनीष व अंकित शर्मा नोनू, जीवितेश शर्मा की रही।

## सीतारामजी की बरात आज

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में सीतारामजी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रसाद अग्रवाल ने संतों-महंतों की उपस्थित में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ राम का तिलक किया। इस मौके पर भक्तों ने ठाकुर को पद गाकर सुनाया। रामबाबू झालाणी ने बताया कि अब रविवार शाम 8 बजे सीतारामजी की बरात मंदिर श्री सीताराम पर निकाली जाएगी।

## फेमस नाटक 'पश्मीना' का जयपुर में आज होगा मंचन

**बेधड़क. जयपुर।** दिल्ली की नामी नाट्य संस्था 'ट्रेजर आर्ट एसोसिएशन' बहुचर्चित नाटक 'पश्मीना' का मंचन जयपुर में करने जा रही है। यह नाटक 17 दिसंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में खेला जाएगा। इस नाटक के दो शो किए जाएंगे, जो शाम 5 बजे और 7:30 बजे होंगे। मृणाल माथुर द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी साजिदा साजी करेंगे। साजिदा साजी देश की अग्रणी नाट्य प्रशिक्षण संस्था, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) से स्नातक हैं और इस नाटक में वह निर्देशन के साथ एक प्रमुख भूमिका भी निभा रही हैं। 'पश्मीना' कश्मीर की पृष्ठभूमि पर लिखा एक बेहद संवेदनशील नाटक है, जो मानवीय रिश्तों के ताने-बाने को पश्मीना के नाजुक धागे से जोड़ता है। इससे पूर्व इस नाटक का सफल मंचन दिल्ली, मुंबई, अमृतसर और कोलकाता में किया जा चुका है, जहां इसे खूब सराहा गया। वर्ष 2024 में होने वाले त्रिवेणी थिएटर फेस्टिवल के लिए भी इस नाटक का चयन किया गया है। लेखक मृणाल माथुर का यह नाटक सहिता मंच द्वारा आयोजित नाट्य लेखन प्रतियोगिता के विजोता नाटकों में से एक रहा है। इस प्रस्तुति में महिंद्रा थिएटर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित रंगकर्मी जॉय माइस्नाम भी अभिनय करते नज़र आएंगे।

## City इवेंट्स

### क्रिएटिव हार्ट में दिखेगा 6 राज्यों का क्रिएशन



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगर का कला फलक एक भारत के छह राज्यों के कलाकारों की चित्रकला से रोशन होगा। मौका होगा 23 से 25 दिसंबर तक जवाहर कला केन्द्र की अलंकार कला दीर्घा में आयोजित होने वाले नेशनल आर्ट शो 'क्रिएटिव हार्ट' का, जिसमें आसाम, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और राजस्थान के चुनिंदा 15 कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। आर्ट शो का उद्घाटन 23 दिसंबर को दोपहर 1 बजे वरिष्ठ चित्रकार कमला पंवार और अभिनेत्री पूजा शर्मा करेंगी। कोपल सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. मुकेश दीक्षित और डॉ. अर्चना दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों का ये ही पैनल होगा, जो शो में प्रदर्शित कृतियों में से श्रेष्ठ कृतियों का चयन भी करेगा। मृणाल दास-आसाम, परिमल वाघेला-अहमदाबाद, महाराष्ट्र से नीना बिडीकर, लीना कुलकर्णी, गायित्री कुलकर्णी, रचना शाह, कान्ता सिंह, स्वप्निल प्रमोद, चेन्नई से रेणु छोटरिया, श्रेयसी डे, तेलंगाना से गोर्थी अरूण कुमार, चंद्रशेखर देशपांडेय और जयपुर से मधु सैनी, डॉ. प्रशान्त शर्मा और नीरव कुलश्रेष्ठ 'इनसेन' कृतियों के साथ मौजूद रहेंगे।

### आयुर्वेद के बारे में किया जागरूक



**बेधड़क. जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि आज फूड इंडस्ट्री के साथ आयुर्वेद उत्पादों एवं चिकित्सा की मांग भी वैश्विक स्तर बढ़ रही है, जो आयुर्वेद के लिए ऐतिहासिक समय है। आयुर्वेद कंपनियों और उद्योगों के पास समाज में अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण फूड प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की कई चुनौतियां हैं। इनका समाधान निकाल कर आयुर्वेद के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी एक बड़ी पहचान बना सकती है। वे शनिवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और एफएसएसएआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेंसटाइजेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आयुर्वेद आहार के लिए आयुर्वेद में वर्णित खाद्य पदार्थों के नए उत्पादों के बारे में जानकारी देते हुए आयुर्वेद प्रोडक्ट के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रो. मीता कोटेचा, रसशास्त्र के विभाग अध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव ने भी अपनी बता रखी। प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव ने आयुर्वेद उद्योगों से आए हुए प्रतिनिधियों के सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. राम किशोर जोशी, कुलसचिव प्रो. ए रामा मूर्ति, आयुर्वेदिक इंडस्ट्री के प्रतिनिधि, शिक्षकों, अध्येताओ एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## सेमिनार में मिले सक्सेस मंत्र

# कमजोर बच्चों को सहायता दी, युवाओं को दिए टिप्स




**बेधड़क | जयपुर**

आर्थिक सहायता देकर कमजोर बच्चों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया गया और युवाओं को सक्सेस टिप्स दिए गए। मौका रहा डॉ. ओपेश सिंह की सेमिनार और आधार इंस्टीटूट को 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का। सहायता राशि से कमजोर बच्चों को सबल मिलेगा और आने वाले भविष्य में सहायता उनके बेहतर भविष्य का माध्यम बनेगी। इसके लिए झालाना में जयपुर में देश-दुनिया के विशेषज्ञों ने यंगेस्टर्स को आगे बढ़ने और अपने स्टार्टप्स के साथ अन्य चीजों को बढ़ावा देने के टिप्स दिए। युवाओं ने भी एक्सपर्ट से सवाल करते हुए जिज्ञासा शांत की। कैंप में आगे बढ़ाने के साथ उससे जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी को साझा किया और डॉ. सिंह ने अनुभव साझा किए।

उन्होंने नए स्टार्टप को बेहतर रणनीति के साथ आज के इस दौर में चल रही प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के टिप्स बताए। उन्होंने अपने 17 साल के अनुभव को खुलकर शेयर किया। सिंह ने सफल बिजनेस मैन बनने के बारे में युवाओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिजनेस मैन कई लोगों को रोजगार देता है। केवल पैसा कमाना ही बिजनेस नहीं है, बल्कि उसके साथ अपने साथ चलने वाले लोगों को बिजनेस में आगे बढ़ाना है। ओपेश सिंह एक सफल बिजनेस मैन है जो भारत ही नहीं दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनकर प्रतिभा दिखाई है। एक सफल आदमी बनने के साथ ही वह लगातार बिजेनस बूट कैंप का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें कई नए बिजनेस मैन को बिजनेस से जुड़े अनुभव साझा करते हैं।

## हस्तशिल्पियों और दस्तकारों के उत्पादों का प्रदर्शन

# 'पधारो म्हारे शिल्पग्राम' में होगा शिल्पकारों-ग्राहकों का संगम



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केन्द्र में 21 से 26 दिसंबर तक 'पधारो म्हारे शिल्पग्राम' राष्ट्रीय प्रदर्शनी में कला के कई रंगों को सजाया जाएगा।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से आयोजन में देश भर से आए हस्तशिल्पियों और दस्तकारों के उत्पाद होंगे। साथ ही राजस्थान की लोक कलाओं की प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी। कोरोना काल के बाद देश भर के हस्तशिल्पियों और दस्तकारों की कला आमजन तक पहुंचाने व स्थानीय कलाओं को बढ़ावा देने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं।

नाबार्ड राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राजीव सिवाच ने बताया कि कारीगरों, शिल्पकारों व बुनकरों और ग्राहकों के बीच सीधा संबंध विकसित होगा। साथ ही स्थानीय कलाओं को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे में 21 दिसंबर सुबह 11 बजे रंगायन में उद्घाटन किया जाएगा। जहां प्रदर्शनी में राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, असम, गुजरात, केरल समेत 19 राज्यों से आने वाले लगभग 150 दस्तकार हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में लोक कलाकार राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखरेंगे। आने वाले मेहमानों को लोक गीतों के साथ चरी नृत्य, भवाई, घूमर, तेरहताली, कालबेलिया और गोरबंद जैसे विभिन्न लोक कलाओं की प्रस्तुति देखने को मिलेगी।

**आस्था** | गोविंददेवजी में मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा

# परीक्षित और शुकदेव मिलन की कथा सुन भावुक हुए भक्त

**बेधड़क | जयपुर**

गोविंददेवजी मंदिर में जयपुराइट्स के साथ प्रदेशभर के भक्त श्रीमद्भागवत महापुराण महात्म्य और परीक्षित शुकदेव मिलन की कथा सुनकर भावुक हो गए। कथा वाचन करते हुए श्रीनिंबार्क तीर्थ किशनगढ़ के पीठाधीश्वर श्रीजी महाराज श्रीश्याम शरण देवाचार्य कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भक्ति मार्ग का ज्ञान प्रदान करती है।

इससे पूर्व श्रीआनन्द कृष्ण बिहारी मंदिर से 51 कलशों की मंगल यात्रा गाजे-बाजे से कथा स्थल सत्संग भवन श्रीगोविंद देवजी मंदिर पहुंची। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी और युवराज मानस गोस्वामी के सानिध्य में जयपुर में पहली बार प्रारंभ हुई श्रीजी महाराज की श्रीमद् भागवत कथा में विभिन्न मंदिरों के महंत और पीठाधीश्वर के अलावा एम्स जोधपुर के अध्यक्ष डॉ. एस एस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक और वैष्णव श्रोता उपस्थित रहे।

कथा आयोजक ब्रजकिशोर बिरजू गोयल ने बताया कि श्रीगोविंद देवजी में भागवत उत्सव 22 दिसंबर तक चलेगा। कथा रोजाना दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगी। भागवत ज्ञानयज्ञ में 108 विद्वान अष्टोत्तर शत भागवत पाठ का मूल पाठ कर रहे हैं। रविवार को देवहुति कपिल संवाद होगा। 18 दिसंबर को ध्रुव चरित्र व प्रहलाद चरित्र की कथा होगी। 19 दिसंबर को श्री राम अवतार, श्री कृष्ण जन्म व नंद उत्सव का आयोजन होगा।



20 दिसंबर को श्री कृष्ण बाल लीला व श्री गिरिराज पूजन का भक्तजन आनंद उठाएंगे। 21 को महारास व रुक्मणी मंगल कथा सुनाई जाएगी। 22 दिसंबर को महारास के साथ कृष्ण-सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा होगी और कथा की पूर्णाहुति होगी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 17 दिसंबर, 2023





जीवन ठहराव और गति के बीच का संतुलन है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## सेना ने गलती से 3 बंधकों को मारी गोली, इजराइल में बवाल

# गाजा में 85% आबादी बेघर



एजेंसी | यरूशलम

इजराइल और हमास के बीच शांति की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही। इजराइली सेना के विमान लगातार हमास के नियंत्रण वाले गाजा पट्टी पर बम बरसा रहे हैं। इससे गाजा की करीब 85 फीसदी आबादी बेघर हो गई।

इजराइल और हमास के बीच युद्ध को शनिवार को 71 दिन हो गए। युद्ध की वजह से मासूमों को जान गंवानी पड़ रही है। इजराइली सेना ने गलती से हमास की कैद में मौजूद 3 बंधकों की हत्या कर दी है। बंधकों की हत्या को लेकर इजराइल में बवाल मच गया। तेल अवीव के कपलान जंक्शन में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। भीड़ ने नारे लगाते हुए कहा कि जब तक हर आखिरी बंधक को रिहा नहीं किया जाता, तब तक कोई जीत नहीं होगी। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस घटना पर दुख जताया है। इस बीच इजराइल हमास युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18,787 तक पहुंच चुकी है।

### हवाई हमले में 14 लोगों की मौत

इजराइल के हवाई हमलों में गाजा में दर्जनों लोगों की जान गई। फिलिस्तीनी मीडिया के मुताबिक ओल्ड गाजा स्ट्रीट के जबालिया स्थित दो घरों पर हमले हुए हैं। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा जबालिया में ही एक अन्य घर पर हमले में दर्जनों लोग मारे गए। यह सब तब हुआ है जब अमेरिका ने इजराइल से हमलों में कमी लाने और केवल हमास लीडर्स को निशाना बनाने के लिए कहा है।

### मलबे में दबे हैं लोग

फिलिस्तीनी एजेंसियों के मुताबिक इन हमलों के बाद बड़ी संख्या में लोग मलबे के अंदर दबे भी हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उसकी सेना ने गाजा सिटी में दो स्कूलों में छिपे आतंकवादियों को मार गिराया। खान यूनिस में हथियारों से भरे अपार्टमेंट पर छापा मारा।

### गाजापट्टी में संचार सेवाएं ठप

लंबे समय तक संचार सेवाएं ठप रहने से टेलीफोन एवं इंटरनेट कनेक्शन टूट जाने के कारण गाजपट्टी में लोगों की परेशानियां काफी बढ़ गई हैं तथा संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी का कहना है कि हाल के दिनों में खाने-पीने की समस्या बहुत बढ़ गई है। इंटरनेट सुलभता के काम करने वाले समूह नेटब्लॉक्स के अनुसार गुरुवार को इंटरनेट और टेलीफोन लाइन बंद हो गई तथा शनिवार को अब भी ये सेवाएं चालू नहीं हो पाईं। समूह ने कहा कि इसके फलस्वरूप सहायता आपूर्ति एवं बचाव प्रयासों में अड़चनें आ रही हैं।

## अमेरिका ने एक बार फिर निभाई इजराइल से दोस्ती

# जंगी जहाज अभी भूमध्य सागर में और रहेंगे तैनात



एजेंसी | वाशिंगटन

गाजा पट्टी पर इजराइली हमले के विरोध में उतरे यमन ने युद्ध का दायरा और बढ़ा दिया है। लाल सागर में अमेरिका, फ्रांस समेत अन्य देशों के युद्धपोतों पर यमन के हमले ने इजराइल-हमास युद्ध की दिशा बदल दी है। अब लाल सागर से लेकर भूममध्य सागर तक युद्ध का कोहराम मचने की संभावना है।

लाल सागर में लगातार यमन के विद्रोहियों की हमले के बाद अमेरिका ने एक बड़ा कदम उठाया है। अमेरिका ने अब भूमध्यसागर में अपने उस एयरक्रॉफ्ट कैरियर की तैनाती का आदेश दे दिया है, जिसका नाम सुनकर ही दुश्मनों के होश उड़ जाते हैं। यह यह विमानवाहक पोत लंबे समय तक भूमध्यसागर में इजराइल की रक्षा करेगा।

यमन के हमलों का जवाब देने और इजराइल की रक्षा के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड विमानवाहक पोत और एक अन्य युद्धपोत को कई और सप्ताह तक भूमध्य सागर में तैनात रहने का आदेश दिया है, जिससे हमास के साथ जारी युद्ध के बीच इजराइल के पास दो पोत उपस्थित रहें। यह तीसरी बार होगा जब फोर्ड की तैनाती अवधि को बढ़ाया गया है जो गाजा में इजराइल के युद्ध के दौरान क्षेत्र में अस्थिरता के बारे में जारी चिंताओं को रेखांकित करता है। पेंटागन ने हमास के सात अक्टूबर के हमलों के बाद ईरान को युद्ध को क्षेत्रीय संघर्ष में बदलने से रोकने के लिए इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी थी। इसके बाद के महीनों में, इराक और सीरिया में ईरान समर्थित आतंकवादियों ने वहां अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठानों पर रॉकेट, ड्रोन और मिसाइलों के साथ नियमित हमले करने के लिए अभियान चलाया है।

### ईरान ने 'मोसाद एजेंट' को फांसी पर लटकाया

**तेहरान।** ईरान ने दक्षिणपूर्व में इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के एक जासूस को फांसी दे दी है। सरकारी टीवी की खबर में कहा गया है कि जासूस के मोसाद समेत विदेशी खुफिया एजेंसियों से संबंध थे और उस पर गोपनीय सूचना साझा करने में शामिल होने का आरोप था। खबर में कहा गया है कि न्यायपालिका ने उस व्यक्ति को दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान की राजधानी जाहेदान की जेल में फांसी दे दी। खबर में व्यक्ति की पहचान जाहिर नहीं की गई है। अप्रैल 2022 में ईरान के खुफिया अधिकारियों ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के बाद कहा था कि उनके मोसाद से जुड़े एक समूह से संबंध हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिस व्यक्ति को फांसी दी गई है, वह उन्हीं तीन व्यक्तियों में से एक था या नहीं।

## 37 लाख अमेरिकी डॉलर है इन 30 प्राचीन वस्तुओं की कीमत

# अमेरिका ने यूनान को लौटाईं प्राचीन वस्तुएं

एजेंसी | एथेंस

अमेरिका ने यूनान को 30 प्राचीन वस्तुएं लौटा दीं हैं जिनमें संगमरमर की बनी मूर्तियां, सिर के कवच और युद्ध के दौरान पहने जाने वाले शरीर के कवच शामिल हैं। माना जाता है कि इन वस्तुओं को यूनान से अवैध तरीके से ले जाया गया था। इन वस्तुओं को न्यूयॉर्क में यूनानी अधिकारियों को सौंपा गया और ये 4,700 साल पुराने अर्थात मध्यकालीन युग तक की हैं। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने बताया कि इनका मूल्य 37 लाख अमेरिकी डॉलर है। 19 वस्तुओं को न्यूयॉर्क गैलरी के मालिक माइकल वार्ड ने स्वेच्छा से लौटाया है जबकि तीन को ब्रिटेन में डीलर रॉबिन सिम्स से पास से जब्त किया गया, वहीं एक वस्तु न्यूयॉर्क में एक ऐसे व्यक्ति के पास से बरामद की गई जो व्यक्तिगत तौर पर कलाकृतियों का संग्रह करता है।

यूनान की संस्कृति मंत्री लीना मेंडोनी ने इस कदम की सराहना की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूनान के विशेषज्ञों के सहयोग और कड़ी मेहनत के कारण ये अमूल्य वस्तुएं वापस मिली हैं।

इससे पहले इस वर्ष की शुरुआत में 29 और पिछले वर्ष 55 प्राचीन वस्तुएं न्यूयॉर्क ने यूनान को वापस दी थीं। अपराधियों के नेटवर्क यूनान से अवैध तरीके से प्राचीन वस्तुओं को तस्करी के जरिए विभिन्न देशों में भेजते हैं।




## मंगल ग्रह का रहस्य

# लाल ग्रह पर मिले पानी के सुराग!



एजेंसी | वाशिंगटन

मंगल ग्रह की सतह पर 1,000 दिन बिताने के बाद नासा के पर्सीवरेंस रोवर ने कुछ अहम सुराग खोजने में कामयाबी हासिल की है। रोवर ने लाल ग्रह पर एक प्राचीन झील और नदी डेल्टा के इतिहास के बारे में नई जानकारी उजागर की है। प्राचीन सूक्ष्मजीवों के जीवन के संकेतों की खोज के लिए पर्सीवरेंस और उसका कैंपेनियन हेलिकॉप्टर इनजेनिटी 18 फरवरी, 2021 को जेजेरो क्रेटर में उतरे थे। इसके बाद से वह लगातार मंगल के रहस्य सुलझाने के लिए अलग-अलग चीजें इकट्ठा कर रहा है।

रोवर की विस्तृत ऑन-द-ग्राउंड स्लीथिंग वैज्ञानिकों को मंगल के रहस्यमय अतीत की पहेली को सुलझाने में मदद कर रही है। वैज्ञानिकों ने सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन की बैठक में मंगल ग्रह पर पर्सीवरेंस रोवर की यात्रा से प्राप्त कुछ जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने बताया है कि रोवर ने मंगल पर एक नदी डेल्टा की अपनी जांच पूरी की है, जो कभी अरबों साल पहले यहां बहती थी और जेजेरो क्रेटर को भरने वाली झील में आकर मिल जाती थी। पर्सीवरेंस ने पूरे क्रेटर और डेल्टा में विभिन्न स्थानों से 23 चट्टान के नमूने भी एकत्र किए हैं। हर एक नमूना कक्षा की चाक के आकार का और धातु ट्यूबों में बंद रखा गया है। इसे भविष्य में नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के संयुक्त मंगल नमूना वापसी अभियान द्वारा पृथ्वी पर लौटाया जाएगा। इन नमूनों के धरती पर आने के बाद प्रयोगशाला उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए ज्यादा बेहतर विश्लेषण किया जा सकेगा।

### मंगल ग्रह पर पर्सीवरेंस रोवर की खोज

वैज्ञानिकों ने बताया है कि पर्सीवरेंस रोवर मंगल ग्रह की चट्टान की सतहों को खुरचने के लिए अपनी बांह पर एक घर्षण उपकरण का उपयोग करके नमूने एकत्र करता है। फिर एक्स-रे लिथोकैमिस्ट्री के लिए अपने ग्रहीय उपकरण का उपयोग करके चट्टान की संरचना का विश्लेषण करता है, जिसे PIXL के रूप में जाना जाता है। पर्सिवियरेंस के कुछ हालिया चट्टान नमूनों में सिलिका मिला है। ये एक एक महीन दाने वाला खनिज है, जो पृथ्वी पर प्राचीन जीवाश्मों और कार्बनिक अणुओं के संरक्षण में सहायता करता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl